कृत्वोद्धृतंव्यञ्जनसङ्ख्ययाच ॥३॥

अर्थ जो भी पृच्छक ने नाम (पुष्प या फल या देवनाम या नदीनाम) अपने मुख से कहा है—उस नाम के व्यञ्जन तथा स्वर जितने भी हों उनका योगकर लेवे-तथा नाम का प्रथमाक्षर जिस सूत्र में हो उस सूत्र की सङ्ख्या (अइउण्) से गिनकर जोड़ देना चाहिये और नाम का प्रथमाक्षर उस जोड़े हुये सूत्र में किस सङ्ख्या का है- उस अक्षर की सङ्ख्या भी जोड़ देनी चाहिये। इस प्रकार-स्वरो की सङ्ख्या तथा व्यञ्जनों की सङ्ख्या एवं अइउण् से वर्तमान सूत्र सङ्ख्या तक जो सङ्ख्या हो वह सङ्ख्या और सूत्र में अक्षर सङ्ख्या—इन चारों के योग को पिण्ड समझना चाहिये। इसी पिण्ड में व्यञ्जन सङ्ख्या का भाग देने से विविध प्रश्नोत्तर निकल आवेंगे।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। पिण्ड बनाने की विधि सरल हिन्दी भाषा में उदाहरण सहित ।।

पिण्ड बनाने में सावधानो रखनी चाहिये अन्यथा व्यजन तथा स्वर आदि जोड़ने में अशुद्धन हो जावे । शुद्ध पिण्ड बनने पर प्रश्नोत्तर सही निकलेंगे ।

(१) पृच्छक के मुख से निकले पुष्प आदि के नाम को किसी कागज या तखती पर लिखकर पिण्ड बनाने में विशेष सुविधा रहेगी ।

(२) पुष्प आदि के जो भी नाम हो उनके स्वर केवल (अइउण्) (ऋलृक) (एओङ) (ऐऔच्) इनचार सूत्रों में ही देखना चाहिये ।

जसे—सायङ्काल के प्रश्न में किसी ने (उमेश) देवता का नाम मुख से निकाला है तो इस नाम की स्वर सङ्ख्यानिकालनी है तो प्रथम अक्षर 'उ' यह अइउण्, इस प्रथम सूत्र का अक्षर है अतः 'उ' इसकी स्वर सङ्ख्या १ ही मानी जायगी । उमेश, में (मे) इस में (ए) यह स्वर (एओङ) इस तीसरे सूत्र में मिलने के कारण (ए) की स्वर सङ्ख्या सूत्र के ही सङ्ख्यागणनानुसार (३) ही रहेगी । यह क्रम सर्वत्र ऐसा ही रहेगा ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(३) व्यञ्जन संख्या में सभी व्यञ्जन लियेजांयगे।

१+३+१=५

यथा–(उमेश) यहां म्+श्=२ व्यजन हैं। उ+ए+अ=३ ये स्वर हैं। यदि शङ्कर, नाम होता तो–श्+म्–क्+र्=४ व्यञ्जन अ+अ+अ=३ ये स्वर हैं। इस प्रकार व्यञ्जन तथा स्वरों का योग (उमेश) इस नाम में सूत्रानुसार–उ की+१। ए की+३ अ की+१=५ सङ्ख्या हुई। व्यञ्जन सङ्ख्या दो हुई।

(४) स्वर तथा व्यंजन सङ्ख्या का ज्ञान होने के बाद यह देखिये कि पुष्प आदि के नाम में प्रथम अक्षर १४ (चौदह) सूत्रों में किस सूत्र में आता है तथा जिस सूत्र में आता है तो उस सूत्र के अक्षर क्रम में–पहिला या दूसरा या तीसरा आदि में किससे मिलता है—यह ज्ञान होने पर—उस सूत्र की सङ्ख्या तथा सूत्र में अक्षर क्रम की सङ्ख्या—नोट कर लेना चाहिये–जैसे (उमेश) इस नाम में (उ) यह प्रथम अक्षर–अइउण् इस प्रथम सूत्र में तीसरे अक्षर से मिलता है तो—१ सङ्ख्या सूत्रानुसार हुई। ३ सङ्ख्या अक्षर क्रम से हुई। इन सबका योग करने से पिण्ड बन जायगा– उसी पिण्ड से विविध प्रश्नोत्तर निकाले जा सकते हैं।

१+३+१=५

यथा–(उमेश) इस नाम में उ+ए+अ=५ स्वर सङ्ख्या। म्+श्=२ व्यञ्जन सङ्ख्या। १ सूत्र सङ्ख्या। ३ अक्षर सङ्ख्या हुई इन सबका योग—५+२+१+३=११ हुई यही पिण्ड हुआ यही क्रम सर्वत्र जानना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(५) पिण्ड में प्रश्नानुसार—कहीं केवल व्यंजनों के योग का ही भाग दिया जायगा जैसे परस्पर विरोध में जय विजय के निर्णय में। (राम-रावण) (कृष्ण-कंस) आदि में। कहीं २-३-४-५ आदि का भाग दिया जायगा शेष से प्रश्नोत्तर निकलेंगे। इन सबका विवेचन आगे विस्तार पूर्वक किया जायगा।

सङ्केत—व्यंजनों के योग यदि ९ से अधिक होंगे तो वहां ९ आदि के स्थान में ६ से ही भाग देकर उत्तर निकल आयेगा—आगे सब वर्णन किया जायेगा।

चौदह सूत्र—अइउण् (१)। ऋलृक (२)। एओङ (३)। एऔच् (४)। हयवरट् (५)। लण् (६)। ञमङणनम् (७)। झभञ् (८)। घढधष् (९)। जबगडदश् (१०)। खफछठथचटतव् (११)। कपय् (१२)। शषसर (१३)। हल् (१४)।

॥ जय पराजय निर्णय ॥

श्लोक शेषेणसर्वत्रफलवदेत्तु–
शेषोऽधिकस्तस्य पराजयःस्यात् ॥
शेषोऽल्पको यस्य स वै विजेता–
विज्ञाय चैवं विदुषा प्रवाच्यम्"॥४॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ—दो या अधिक व्यक्तियों के जय पराजय निर्णय करने के लिये—उन व्यक्तियों के नामों से पूर्व नियमानुसार पृथक पृथक पिण्ड बनाकर प्रति व्यक्ति के पिण्ड में प्रति व्यक्ति के व्यञ्जन योग सङ्ख्या का भाग देने से जिसका शेष अधिक होगा वह पराजित होगा जिसका शेष न्यून होगा वह विजयी होगा। इस प्रकार दैवज्ञ जानकर के जय पराजय का निर्णय करे ॥४॥

श्लोक शेषौसमौयत्रययोस्तदातु-
नन्दाधिकेव्यञ्जनयोगकेवा।
षड्भिस्तदातत्रविभज्यपिण्डं-
शेषेणसर्वत्रफलन्तथैव ॥५॥

अर्थ—यदि दोनों के शेष समहों अथवा व्यञ्जनों का योग एक का या दोनों का ९ नव से अधिक हो तो वहां व्यञ्जन के योग का भाग न देकर (६) छे का भाग देकर पूर्ववत् निर्णय करना चाहिये।

॥ दो व्यक्तियों में जय पराजय का निर्णय ॥

व्यक्ति के नाम का प्रथमाक्षर जिस सूत्र में हो उसकी सूत्र सङ्ख्या तथा व्यक्ति के नाम के आदि अक्षर को सूत्र में स्थिति के क्रमानुसार सङ्ख्या का योग एवं नाम की व्यञ्जन सङ्ख्या तथा महेश्वर सूत्रानुसार स्वर सङ्ख्या का योग करके उस योग में नाम के व्यञ्जन सङ्ख्या का भाग देकर जो शेष बचे उससे जय विजय का निर्णय दो व्यक्तियों का करना चाहिय 'योधिकः सः पराजितः"

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

पूर्व लिखित नियमानुसार दोनों व्यक्तियों के शेष से निर्णय कीजिये जिसका शेष अधिक होगा वह पराजित होगा। चौदह सूत्रों का पूर्ण ज्ञान परमाश्यक है।

(१) उदाहरण

यथा-राम और रावण के मध्य में जय पराजय का निर्णय करना है तो राम=में (र) हयवरट् इस पाँचवें सूत्र का चौथा अक्षर है अतः ५ सङ्ख्या सूत्रानुसार हुई ४ सङ्ख्या अक्षर क्रम से हुई। व्यञ्जन संख्या—र् म्=यह दो हुई। आ+अ यह स्वर संख्या हुई। स्वर संख्या (अइउण्) इस सूत्रानुसार दोनों (अ+आ) की प्रथम सूत्र में दोनों अक्षर होन से १+१ ही ली जायगी। र् म् ये व्यञ्जन होने से योग में दो का भाग देने से उत्तर स्पष्ट हो जायगा।

  १ १   १ १
राम=र् म्। अ आ=१+१+१+१=४ व्यञ्जन तथा स्वर सङ्ख्या हुई। ५ सङ्ख्या (हयवरट्) में नाम का प्रथम अक्षर (र) होंने से ली गई। ४ सङ्ख्या हयवरट् इस पाँचवें सुत्र का चौथा अक्षर है (र) यह नाम का प्रथमाक्षर है। कुल र् १ म् १+अ—१ आ १ पांचवें सूत्र में नाम का प्रथमाक्षर होनें से ५ सूत्र सङ्ख्या। ५ वें सूत्र का चौथा अक्षर होने से अक्षर सङ्ख्या ४ हुई कुल योग १३ हुआ। इसमें व्यञ्जन सङ्ख्या २ का भाग दिया तो शेष १ बचा इसे याद रखना चाहिए। दूसरा व्यक्ति रावण है—रावण में (रा) प्रथमाक्षर हयवरट् सूत्र का ही राम की तरह है—५ सङ्ख्या सूत्रानुसार हुई तथा ४ सङ्ख्या अक्षर क्रम से हुई।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

र् व् ण् ये तीन व्यञ्जन हैं इनकी सङ्ख्या ३ हुई। आ+अ+अ ये तीन स्वर हुये—तीनों स्वर (अइउण्) प्रथम सूत्र में अक्षर मिलने से १+१+१ तीनों स्वरों की सङ्ख्या ३ हुई।

५+४+३+३ कुल योग १५ हुआ रावण में व्यञ्जन सङ्ख्या ३ होने से भाग दिया तो शेष शुन्य हुआ इसे तीन मानना चाहिये अतः राम में १ शेष और रावण में तीन शेष होने से अधिक है (योऽधिकः सःपराजितः), इस नियम के अनुसार (रावण) पराजित हुआ शून्य रह गया। इसी क्रम से सर्वत्र जानना चाहिये।

(२) उदाहरण

॥ कृष्ण और कंस में जय पराजय का निर्णय ॥

यथा—कृष्ण=क् ष् ण् ३ व्यञ्जन सङ्ख्या हुई। (ऋ) ऋऌक सूत्र का स्वर है अतः दूसरा सुत्र होने से २ सङ्ख्या हुई (जिस सूत्र का स्वर होगा उस सूत्र की सङ्ख्या ही स्वर सङ्ख्या जानना चाहिये) ण में अ को पूर्व नियमानुसार १ सङ्ख्या हुई। कुल योय=क् ष् ण्= ३ व्यञ्जन सङ्ख्या। २ ऋ स्वर की संख्या। १ ण में अ की संख्या। ६ सङ्ख्या स्वर तथा व्यञ्जनों की हुई।

कृष्ण में (क) अक्षर (कपय्) इस बारहवें सूत्र में प्रथम अक्षर होने से १२ सूत्रानुसार सङ्ख्या हुई तथा सूत्र में (क) यह प्रथमाक्षर होने से १ संङ्ख्या अक्षर क्रम से हुई। ६ सङ्ख्या स्वर तथा व्यञ्जनों की हुई।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

१३ सङ्ख्या सूत्र तथा सूत्रानुसार अक्षर की हुई। १३+६=१९ हुये यहाँ व्यञ्जन सङ्ख्या ३ का भाग दिया तो १ शेष बचा इसे स्मरण रखना चाहिये।

कंस—क् न् स्+अ अ=५ स्वर व्यञ्जन योग। १२ सूत्र सङ्ख्या १ अक्षर सङ्ख्या=५+१२+१=१८ इसमें व्यञ्जन सङ्ख्या ३ का भाग दिया तो शून्य अर्थात् ३ शेष बचा फल उसका अशुभ रहा।

(३) उदाहरण

।। भीम और भगदन्त में जय पराजय का विचार ।।

व्य० स्व० स्व० सू० अ०

भीम=२+१+१+८+२ क्रमशः व्यञ्जन—स्वर—सूत्र—सूत्राक्षर। योग १४ में व्यञ्जन २ का भाग दिया तो शेष शून्य अर्थात् २ रहा। भगवन्त से जय तथा विजय देखना है।

भगवन्त=भ्+ग्+द् न् त्=५+४ स्वर। ८ वां सूत्र। सूत्र का दूसरा अक्षर है। २+५+४+८+२=१९ कुल योग हुआ। व्यञ्जन सङ्ख्या ५ का भाग दिया शेष ४ बचा (योधिकः सः पराजितः) इसके अनुसार भबवन्त का फल अशुभ रहा।

(४) उदाहरण

।। भीम और जरासन्ध में जय पराजय विचार ।।

भीम=२ शेष देखिये नं० ३ में।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

जरासन्ध=ज्+र्+स्+न्+ध=५ व्यञ्जन योग। अ+आ+अ+अ=योग ४ स्वरों का। नाम का प्रथमाक्षर (जबगडदश्) इस दसवें सूत्र में होने से १० सङ्ख्या सूत्र की। ज सूत्र में प्रथमाक्षर होने से अक्षर सङ्ख्या ली। योग २० हुआ। व्यंजन सङ्ख्या ५ का भाग दिया तो शून्य अर्थात् ५ बचे। अधिक होने से पराजित हुये भगवन्त।

(५) उदाहरण

॥ राम-कुम्भकरण में जय पराजय निर्णय ॥

राम=राम का शेष १। नं० १ में देखिये।

कुम्भकरण = क् म् भ् क् र् ण् = ६ व्यञ्जन योग। उ अ अ अ अ=५ स्वर योग। १२वां सूत्र सङ्ख्या (कपय्) की। १ संख्या नाम के प्रथमाक्षर की सूत्र में। ६+५+१२+१=२४ व्यञ्जन संख्या ६ से भाग दिया तो शेष शून्य या ६ जानिये अधिक होने से पराजित हुआ।

(६) उदाहरण

॥ कर्ण और अर्जुन में विचार ॥

अर्जुन=र्+ज्+न्+अ+उ+अ=६ व्यञ्जन तथा स्वर योग। सूत्र सङ्ख्या १। सूत्र में नामाक्षर सङ्ख्या अतएव ६+१+१=८ योग। व्यञ्जन तथा स्वरों के योग में। व्यञ्जन ३ का भाग देने से २ शेष रहे।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

कर्ण = क्+र्+ण्+अ+अ=५ व्यञ्जन स्वर योग। सूत्र सङ्ख्या १२। नाम का प्रथम अक्षर सूत्र में प्रथम ही है अतः १ सङ्ख्या हुई। ५+१२+१=१८ योग में व्यञ्जन सङ्ख्या ३ का भाग दिया तो शेष शून्य अर्थात ३ बचे। अतः अधिक होने पर पराजित हुआ।

(७) उदाहरण

॥ अर्जुन जयद्रथ में जयपराजय का विचार ॥

अर्जुन का शेष २ है नं० ६ में देखिये।

जयद्रथ=ज्+य्+द्+र्+थ्=५ व्यञ्जन योग। अ+अ+अ+अ=४ स्वर योग। सूत्र सङ्ख्या १० दशवें सूत्र में नाम का प्रथम अक्षर प्रथम होने से अक्षर सङ्ख्या १। ५+४+१=२० कुल योग। व्यञ्जन सङ्ख्या ५ का भाग दिया तो शेष शून्य अर्थात् ५ अधिक होने से जयद्रथ को अशुभ फल प्राप्त हुआ।

(८) उदाहरण

॥ कृष्ण और पूतना में निर्णय ॥

कृष्ण का शेप १ है। पूतना=प् त् न्=३ व्यञ्जन। उ+अ+आ=३ स्वर नाम का प्रथम अक्षर (पू) यह (कपय्) इस बारहवें सूत्र में द्वितीय अक्षर पड़ता है अतएव १२+२=१४+३ व्यञ्जन सङ्ख्या+३ स्वर सङ्ख्या कुल योग २० हुआ। व्यञ्जन सङ्ख्या ३ से

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

भाग देने से शेष २ रहे कृष्ण में शेष १ था। पूतना में शेष अधिक होने में अशुभ फल रहा। इसी प्रकार दो या तीन या अधिक में निर्णय करने के लिये यही क्रम रहेगा जिसके शेष कम होंगे वही विजयी होगा।

इतना ध्यान रहे कि यदि व्यञ्जन ९ हों या उससे अधिक हों तो वहाँ ६ से भाग देना चाहिये। यदि शेष दोनों विरोधियों के सम हों तो वही व्यञ्जन सङ्ख्या के योग से भाग न देकर दोनों पिण्डों में ६ का भाग देकर शेष से निर्णय करना चाहिये।

अनेक प्रकार के प्रश्नोत्तर निकालने के लिये–पृच्छक के मुख से–पुष्प का नाम या नदी का नाम या देव आदि का नाम कहला करके पूर्व लिखित विधि से पिण्ड बना लेना चाहिये–बाद में प्रश्नानुसाद भाग देकर फलादेश कहना चाहिये।

जैसे किसी ने पूछा इस स्त्री के गर्भ है या नहीं। मुख से (कमल) का पुष्प कहा तो पिण्ड बनाया पूर्ववत्।

कमल=क् म् ल्=तीन व्यञ्जन हुये। अ+अ+अ=३ स्वर हुये कमल का प्रथम अक्षर (कपय्) इस बारहवें सूत्र में पहिला अक्षर होने से अक्षर सङ्ख्या १ हुई। ३ व्यञ्जन। ३ स्वर। १२ वां सूत्र। पहिला अक्षर। योग १+३+३+१२+१९ इसमें २ का भाग दिया शेष एक बचा—उत्तर निकला गर्भ है। १९ यही पिण्ड है। इसी पिण्ड से विविध प्रकार के उत्तर निकाले जा सकते हैं। पृथक् पृथक् अक्षरों का भाग देना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(१) यथा–गर्भ है या नहीं–इसके निर्णय में २ का भाग देना चाहिये १ में गर्भ है–२ में नहीं है यह उत्तर होगा।

(२) गर्भ में क्या हैं पुत्र या कन्या–इसके लिये ४ का भाग देना चाहिये। १-३ शेष में पुत्र। २-४ शेष में कन्या होगी।

(३) जय या विजय के प्रश्न में–३ से भाग देना चाहिये १ शेष से विजय। दो शेष से आपस में मेल। ३ शेष से पराजय होगा।

(४) मूक प्रश्न में–पिण्ड में ३ का भाग देना चाहिये–१ से जीव सम्बन्धी प्रश्न। २ शेष से धातु सम्बन्धी प्रश्न। ३ शेष से मूल वृक्षादि सम्बन्धी प्रश्न कहना चाहिये।

इनमें भी विशेष सूक्ष्म चिन्ता जानने के लिये जीव में कौन सा जीव जानने के लिये–पिण्ड में ३ का भाग देने से–१ से द्विपाद्। २ से चतुष्पाद्। ३ से सर्पादि विषय की चिन्ता कहना चाहिये।

पिण्ड में दो का भाग देने से–१ शेष से पुरुष सम्बन्धी चिन्ता। २ शेष से स्त्री सम्बन्धी चिन्ता कहना चाहिये।

इसी प्रकार धातु सम्बन्धी चिन्ता क: ज्ञान–विशेष रूप से जानने के लिये ८ का भाग देना चाहिये। १ से सुवर्ण २ से चांदी। ३ से ताम्र। ४ से कांसा। ५ से पीतल। ६ से लोहा। ७ से शीशा। ८ से रांगा जानना जाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(५) कार्य कब तक पूर्ण होगा। इसके निर्णय के लिये पिण्ड में २ का भाग देना चाहिए–प्रथम तो यह देखना है कि कार्य होगा या नहीं–२ के भाग से यदि १ शेष रहे तो कार्य होगा २ रहे तो नहीं होगा। यदि होगा तो कब होगा इसके लिये ३ का भाग देना चाहिये १ शेष से शीघ्र+२ शेष से मास पर्यन्त में। ३ शेष से वर्ष में।

(६) कोई प्रश्न करे कि हमारा समय कैसा है। तो पुष्प आदि नाम के क्रम से पिण्ड बना लेना चाहिये–बाद में पूछने वाले नाम के अक्षरों का भी पिण्ड बना लेना चाहिये पूर्ववत्। प्रश्नाक्षरों के पिण्ढ का तथा नामाक्षरों के पिण्ड को जोड़कर ३ का भाग देकर–एक शेष इसका फल उत्तम। दो शेष से साधारण ३ शेष से अशुभ कहना चाहिये।

(७) परदेशी के आगमन आदि का निर्णय।

पूर्व विधि से बने हुये पिण्ड में परदेशी के नाम के अक्षरों का भी पिड बनाकर दोनों पिण्डों को जोड़कर ७ का भाग देकर– १ शेष से अभी आशा नहीं है चलने की। २ शेष से चल दिया। ३ शेष से आ रहा है। ४ शेष से बिल्कुल पास में हैं आने वाला है। ५ शेष से आने में सन्देह। ६ शेष से कष्ट में है। ७ शेष से परेशान होकर आने में विचार कर रहा है।

सङ्केत–सर्व प्रथम चौदह सूत्रों द्वारा विविध प्रकार के प्रश्नों केउत्तर अ+आ+इ+ई इत्यादि अक्षरों के मेलापक से दिये

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

गये हैं---उन सब के उत्तर पिण्ड द्वारा भी दिये जा सकते हैं अर्थात् पिण्ड में १४ का भाग देकर शेष से सूत्र सङ्ख्यानुसार उत्तर देना चाहिये ।

यथा–किसी ने प्रश्न किया कि गर्भ में क्या है–गुलाब का पुष्प पृच्छक ने कहा तो इसका पिण्ड बनाया–ग् ल् व्=३ । उ+अ+अ+ =३ । दशवां सूत्र–तीसरा अक्षर । १०+३=१३ +३+३=१९ कुल योग पिण्ड हुआ इसमें १४ का भाग दिया तो शेष ५ बचा । यह (ई) अक्षर का प्रश्न है–५वां सूत्र में देखिये लिखा है कन्या जन्म लेगी इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर निकाले जा सकते हैं । शेष जो बचें उनसे वहीं लिखे उत्तर सूत्रों की सङ्ख्यानुसार ही कह देना चाहिये ।

।। चुनाव में जय विजय का निर्णय ।।

चुनाव (एलेक्शन) में कौन विजयी होगा इसके निर्णय में इतना जानना परमावश्यक है कि पर्चा जिस नाम से दाखिल किया गया है वह नाम क्या है गणित करने में बिल्कुल अक्षरशः वही नाम होना चाहिये एक भी अक्षर अधिक या न्यून नहीं होना चाहिये अर्थात् पर्चा दाखिल करने का नाम कुछ हो गणित करने में कुछ हो तो उत्तर सत्य नहीं निकलेगा । क्योंकि "श्रीशिव सूत्र रहस्य" के आधार से पिण्ड बनाने में–स्वर+व्यञ्जन के सम्बन्ध से ही पिण्ड बनाने का विधान है अतः पूर्ण वही नाम होना चाहिये गणित करने में ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

यह भी ध्यान रहे कि ४ से अधिक लड़नेवालों का भी निश्चय कुछ सन्देहजनक रहता है। दो लड़नेवालों में तो उत्तर बिल्कुल सत्य निकलेगा।

पूर्व कथित नियमानुसार पिण्ड बनाकर–वर्तमान ईशवीयसन् के अङ्कों का योग (१९७४) है। १+९+७+४=२१ हुआ (इसमें भी २+१=३ हुआ) पिण्ड में जोड़कर तथा शिव सूत्र सङ्ख्या १४ जोड़कर–व्यञ्जनों के योग का भाग देकर शेष से जय विजय का निर्णय हो जायगा।

इतनी यहां विशेषता रहेगी कि कलियुग में वर्तमान सन् के अङ्कों का योग करके व्यञ्जनों का भाग देने से जिसके शेष अधिक बचेंगे वही विजयी होगा क्रमशः न्यूनाधिक के अनुसार अनेकों में भी विजय निश्चित कर देना चाहिये। इसी क्रम से मतों की भी न्यूनाधिकता ज्ञात हो सकती है।

वाद विवाद (एलेक्शन) आदि निर्णय में विशेषता।

श्लोक :– युक्तां सतीं वा विदधीतपिण्ड–
ईश्वब्दसङ्ख्यां शिवसूत्रसङ्ख्याम्।
स्वैःस्वैःस्थितै र्व्यञ्जनसङ्घकैश्च–
ब्रूयाद्विभज्याशुफलंसुधीरः ॥ १ ॥
शेषोऽधिकोयस्यजनस्यनूनं
भवेद्विजेताभुवनेसएव।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

आचार्यनिष्ठैस्तु महर्षिसङ्घै-
र्लोकोपकाराय समीरितंहि ॥ २ ॥

× × × ×

अर्थ–पूर्व रीति से निर्मित पिण्ड में क्रमशः वर्तमान ईशवीयसन् सङ्ख्या तथा शिवसूत्रसङ्ख्या (१४) जोड़कर उसमें अपने अपने व्यञ्जनों के योग का भाग देकर धैर्यतापूर्वक फल कहे ।।१।। अधिक शेषवाला विजयी तथा न्यून शेषवाला पराजित होगा । आचार्यवान् महर्षियों ने लोकोपकार के लिये ऐसा कहा है ।।२

अन्य युगों में जिसके शेष न्यून हों वह विजयी होता है किन्तु कलियुग में अधिक शेषवाला विजयी होता है ।

यथा–क़िसी का नाम–रामसिह है तो इसका पूर्व नियमानुसार पिण्ड बनाया– र्+म+स्+न्+ह=५ व्यञ्जन हुये आ+अ+इ +अ=४ स्वर हुये । ५वां सूत्र । ४ चौथा सूत्र का अक्षर । कुल योग ५+४+५+४=१८ हुआ । व्यञ्जन योग ५ स्मरण रखना चाहिये इसो का भाग दिया जायगा । वर्तमान १९७४ है ता १+९+७+४=२१ योग हुआ । २+१=३ । यहा सन् का अङ्कों का योग हुआ । १८ पिण्ड में ३ योग सन् के अङ्कों का और जोड़ दिया तो २१ हुआ इसमें १४ जोड़ा तो ३५ हुआ ५ का भाग देने से ० शून्य शेष बचा अर्थात् ५ शेष ।

दूसरा लड़ने वाला मान लीजिये—रामनाथ है तो पिण्ड बनाया र्+म्+न्–थ्=४ व्यञ्जन हुये । आ+अ+आ+अ=४ ये

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

स्वर हुये ५ वां सूत्र । चौथा अक्षर सूत्रका । ४+४+५+४=१७ कुल योग हुआ यही पिण्ड हुआ--सन् के अङ्कों का योग पूर्ववत ३ हुआ वह भी जोड़ दिया तो=२० योग हुआ तथा १४ जोड़कर ३४ हुआ ४ का भाग दिया २ शेष बचा । यहां व्यञ्जनों का योग ४ का भाग देने से २ शेष बचा अतः ५ शेष वाला रामसिंह विजयी होगा । इसी प्रकार जितने भी लड़ने वाले हों, अधिक शेष वाला विजयी होगा । इतना ध्यान रहे कि जिस नाम से पर्चा स्थापित किया गया है । वही नाम होना चाहिये एक अक्षर भी न्यूनयाअधिक न हो । उत्तर सत्य निकलेगा ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

स्त्रीपुरुषयोर्मध्येप्राङ्नरस्य नार्यावा मृत्युर्भविष्य तीतिनिर्णयः ।

प्रथममतम्

श्लोकः ६–प्राग्योषितोवाथनरस्यमृत्यु–
भर्वीतिलोके यदिकोऽपिपृच्छेत् ।
उत्क्रमेणैवविधायपिण्डौ–
भक्तन्नृपिण्डन्नगसङ्ख्ययाच ॥ ६ ॥

× × × ×

श्लोकः ७ - स्त्रीपिण्डकञ्चैवसदैवकुर्यात्–
स्त्रीव्यञ्जनानाङ्किल योगकेन ।
भक्तम्फलंशेषवलेनवाच्यं–
शेषोऽधिकोमृत्युमुपैष्यतीति ॥ ७ ॥

प्रथममतम्

"स्त्री- पुरुष के मध्य में प्रथम किसकी मृत्यु होगी–इस निर्णय जानने के लिये–श्लोक सङ्ख्या ६ व ७ का अर्थ का विवरण लिखा जा रहा है यह नियम प्रथम है ।

अर्थ श्लोक ६-७–यदि कोई पृच्छक किसी पुरुष व स्त्री के विषय में यह प्रश्न करे कि प्रथम पुरुष की मृत्यु होगी या स्त्री की तो ऐसे

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

प्रश्नोत्तर के लिये स्त्री के नाम व पुरुष के नाम के पूर्व कथित नियमानुसार पृथक् पृथक् पिण्ड बना लेना चाहिये। पुरुष के पिण्ड में ७ का भाग सदा देकर शेष निकाल लेना चाहिये। एवम् स्त्री के नाम के पिण्ड में स्त्री के नाम के व्यन्जनों का भाग देकर शेष निकाल लेना चाहिये—जिसके अधिक शेष होंगे उसकी मृत्यु पहिले होना निश्चित है। (पिण्ड बनाने का नियम पीछ लिखा गया है। सदा पिण्ड का नियम वही रहेगा।)

(१) (क) यथा—पाण्डु-३ व्यन्जन+२ स्वर+१२ बारहवां (कप्य्) सूत्र+२ दूसरा अक्षर-प-प यह कप्यू सूत्र का। अतः योग =१९ यह पिण्ड हुआ।

कुन्ती—३ क् न् - त् व्यन्जन+२ उ-ई स्वर+१२ बारहवां सूत्र (कप्य्+१ पहिला अक्षर (क) है—योग—३+२+१२+१= १८=पिण्ड हुआ। १९ पाण्डु पिण्ड में ७ का भाग दिया शेष तो शेष ५ बचे।

१८ कुन्ती के पिण्ड में ३ व्यन्जन योग का भाग दिया तो शेष शून्य अर्थात् ३ बचे तो यहां पाण्डु में शेष अधिक होने से प्रथम पाण्डु की मृत्यु हुई थी।

(१) पाण्डु=प ण्—ड्=३ व्यन्जन+अ—उ=२ स्वर+ १२ बारहवां सूत्र+१२+अक्षर २=१९ पिण्ड है।

[ख] माद्री=म्—द्—र् ३ व्यन्जन+आ—२ स्वर +७ सातवां सूत्र (ञमङणनम्) (२ दूसरा अक्षर सूत्र का है। योग ३+२+७+२=१४ पिण्ड हुआ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

पाण्डु के पिण्ड १९ में ७ के भाग से ५ शेष बचते हैं।

माद्री में माद्री के नाम के व्यञ्जन योग ३ का भाग देने से २ शेष बचे अतः अधिक शेष वाले पाण्डु की मृत्यु पूर्व में हुई थी।

(१) दशरथ=४ स्वर+४ व्यञ्जन+१० वांसूत्र (जबगड्दश्) ५ पांचवां अक्षर कुल ४+४+१०+५=२३ में ७ का भाग देने से २ शेष बचे।

कैकेयी=३ व्यञ्जन+४+१+१ स्वर+१२ बारहवांसूत्र + १ पहिला अक्षर=योग ३+४+१+१+१२+१=२२ पिण्ड हुआ।

४+१+१=६ स्वर

कैकेयी के २२ पिण्ड में ३ व्यञ्जनों का भाग देने से १ भाग शेष बचा अतः दशरथ की मृत्यु प्रथम हुई शेषाधिक्य के कारण।

(१) मेघनाद=४ व्यञ्जन+६ स्वर+७ सातवां सूत्र (ञमङणनम्)+दूसरा अक्षर सूत्रका (म) योग ४+६+७+२ =१९ पिण्ड हुआ।

१+३+१+१=६ स्वर

सुलोचना=४व्यञ्जन+६ स्वर (सु, का १ लो, चका ३ का १ ना, का १)+१३ तेरहवां सूत्र (शषसर्)+३ तीसरा अक्षर सूत्र का=कुल योग -४+६+१३+३=२६ पिड हुआ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

मेघनाद के पिण्ड में ७ का भाग देने से शेष ५ बचे सुलोचना के पिण्ड में सुलोचना के नाम के व्यञ्जन योग ४ का भाग देने से २ शेष बचते हैं मेघनाद के शेष अधिक होने प्रथम उसकी मृत्यु हुई थी ।

इसी प्रकार अन्यत्र सभी स्त्री पुरुषों में विचार करना चाहिये यह नियम प्रथम है अतः १ लिखा है उदाहरण ३ दे दिये हैं ।'

× × × ×

नियमोद्वितीयः

श्लोक ८— शेषौ समौ चेदुभयोर्यदाचं
विद्वत्समाजेन विनिश्चितन्तत्
पिण्डन्नरस्यैवविभज्य षड्भिः–
शेषेणसर्वत्रफलन्तथैव ॥ ८ ॥

अर्थ–जहाँ दोनों शेष समूहों अथवा जहाँ व्यञ्जन योग सात से, अधिक हों वहाँ पर छै से भाग देना चाहिये, अथवा व्यञ्जनों के योग से भाग देना चाहिये ।

विशेषः –शेषौसमौयत्रययोस्तदातुसप्ताधिके व्यञ्जनयोगकेवा,
षड्भिस्तदातत्रविमज्य पिण्डं योगेनवा व्यञ्जनसङ्घकेन॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ—दूसरे नियम का उदाहरण आदि क्रम

अर्थ—यदि स्त्री व पुरुष के नामों के पिण्डों में क्रमशः अर्थात् पुरुष के नाम के पिण्ड में ७ का भाग देने से तथा स्त्री के नाम के पिण्ड में स्त्री के व्यञ्जनों के योग का भाग देने से दोनों स्थानों में शेष समान बचते हों तो वहां पर पुरुष पिण्ड में ६ का भाग देकर शेष निकाल लेना चाहिये तथा स्त्री के नाम के पिण्ड में स्त्री के नाम के व्यञ्जन योग का ही भाग पूर्ववत् नियमानुसार देकर शेष से फल कहना चाहिये। ऐसा विद्वत्समाजने निश्चय किया है।८

(२) [क] यथा—नियम दूसरा—उदाहरण—१

१+१+१+१+१+१=स्वर

(२) (क) नारायणराम=६ व्यञ्जन+६ स्वर+७वां सूत्र+५ वां अक्षर=२४ पिण्ड हुआ—७ के भाग देने से ३ शेष रहे।

१+१+३+१=स्वर

महादेवी=४ व्यञ्जन+६ स्वर+७वां सूत्र+२ दूसरा अक्षर=१९ पिण्ड हुआ—इसमें स्त्री व्यञ्जन ४ का भाग दिया तो शेष ३ बचे। शेष सम होने से उत्तर स्पष्ट न हो सका अतएव नियम दूसरा श्लोक ८ का आधार लीजिये—पुरुष पिण्ड में ६ का भाग दिया तो शेष शून्य बचे जो ६ के बराबर हैं। स्त्री पिण्ड में स्त्री व्यंजन योग ४ का भाग दिया—तो शेष ३ बचे—अतएव पुरुष के शेष अधिक बचने से पुरुष की मृत्यु प्रथम हुई थी। इसी प्रकार अन्यत्र भी जानना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अत्रविशेषः—शेषौसमौ यत्र नरस्य नार्यास्–
सप्ताधिके व्यञ्जन योगकेवा ।
षट्सङ्ख्ययातत्रविभज्यपिण्डौ–
नार्यानरस्यात्रफलन्तथैव ॥१॥

अर्थ—जहाँ पर शेष सम बचते हों अथवा व्यञ्जनों का योग एक या दोंनों का ७ से अधिक हो तो वहाँ नारी और नर के पिण्डों में ६ का भाग देकर पूर्ववत् फल कहे। यदि शेष समान भी हों किन्तु व्यञ्जनों का योग दोनों का या एक का ७ से अधिक हो तो भी दोनों पिण्डों में ६ का भाग देकर शेष द्वारा पूर्ववत् फल कहे।

॥ अथनियमस्तृतीयः ॥

श्लोकः ९—यदाव्यञ्जनानान्नरस्यैव योगो-
भवेदल्पकोवासमः स्यात्कदाचित् ।
तदातत्रयोगेविधायाथवृद्धि-
विभज्यापि तेनैवपिण्डन्नरस्य ॥ ९ ॥

× × × ×

श्लोकः १०—विधिःपूर्ववत्तत्रशेषोविधेयो-
वुधेनाखिलः सत्यवाचाधरायाम् ।
फलंवाच्यमस्यांसदानिर्भयेन-
भवेदर्थलाभोयशोलाभकश्च ॥ १० ॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ—स्त्री के नाम के व्यञ्जनों के योग से यदि पुरुष के नाम के व्यञ्जनों का योग न्यून हो अथवा सम हो तो वहाँ पुरुष के नाम के व्यञ्जनों के योग में इतनी वृद्धि कर देनी चाहिये कि स्त्री के नाम के व्यञ्जनों के योग से एक अधिक हो जावे। उसी वृद्धि किये व्यञ्जनों के योग से पुरुष के नाम के पिण्ड में भाग देकर शेष निकाल लेना चाहिये। स्त्री के पिण्ड में स्त्री के व्यञ्जनों योग का भाग देकर शेष निकालकर फलादेश वर्णन करने से पृथ्वी में सत्यवाणी होने से यश तथा अर्थ प्राप्त होता है। शेष समस्त क्रिया पूर्ववत् जानना चाहिये अर्थात् अधिक शेष वाला प्रथम मृत्यु को प्राप्त हगो। १० ॥

× × × ×

॥ तृतीय नियम उदाहरण ॥

उदाहरण—

(३) (क) रावण—३ व्यञ्जन+३ स्वर+५वां सूत्र+चौथा अक्षर=१५ पिण्ड हुआ।

मन्दोदरी=५ व्यञ्जन+६ स्वर+७ वाँ सूत्र+२ दूसरा अक्षर है कुल योग २० पिण्ड हुआ।

यहाँ रावण का व्यञ्जन योग कम है—मन्दोदरी का अधिक है—अतएव ९ वें तथा १० वें श्लोकानुसार कार्य कीजिये तो

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

सफलता मिल जायेगी अर्थात् मन्दोदरी के व्यञ्जन योग ५ है— रावण का व्यञ्जन योग ३ इसमें ३ को वृद्धिकर देने से मन्दोदरी से १ अधिक हो गया।

रावण के पिण्ड में भी ३ की वृद्धि हो गई अतएव १५+३ =१८ यह पिण्ड हुआ इसमें ६ व्यञ्जन का भाग देने से ०० अर्थात् ६ शेष बचे। मन्दोदरी में ५ का ही [व्यञ्जन] भाग दिया तो ० अर्थात् ५ शेष बचे। रावण के अधिक होने से प्रथम रावण की मृत्यु हुई थी।

सङ्केत=पाण्डु तथा कुन्ती व माद्री में प्रथम नियम तथा तृतीय नियम से फलादेश समान आया।

३. (अ) पाण्डु=३ व्यञ्जन+२ स्वर+१२ वाँ सूत्र+२ दूसरा अक्षर=१९ पिण्ड हुआ।

कुन्ती=३ व्यञ्जन+२ स्वर+१२वाँ सूत्र+१ पहिला अक्षर =१८ पिण्ड हुआ।

माद्री=३ व्यञ्जन+२ स्वर+७ वाँ सूत्र+२ दूसरा अक्षर =१४ पिण्ड हुआ।

यहाँ स्त्रियों तथा पुरुष का व्यञ्जन योग सम है अतएव पुरुष में १ की वृद्धि की तो ४ व्यञ्जन योग हुआ पिण्ड में भी १ बढ़ गया तो २० हुये ४ व्यञ्जन का भाग दिया तो शून्य अर्थात् ४ शेष बचे।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

कुन्ती के पिण्ड में कुन्ती के व्यञ्जन योग ३ का भाग दियातो शून्य बचा अर्थात् ३ शेष जो पाण्डु के शेष से कम है। अतः पाण्डु प्रथम मृत्यु को प्राप्त हुये थे। माद्री के नाम के पिण्ड १४ में माद्री के नाम के व्यञ्जनों के नाम के योग का भाग दिया तो २ बचा तो जो पाण्डु के शेष से न्यून हैं। अतः पाण्डु प्रथम मृत्यु को हुये थे।

३. (ग) दशरथ = ४ व्यञ्जन + ४ स्वर + १० वां सूत्र + ५ वां अक्षर सूत्र का = २३ पिण्ड हुआ।

कौशल्या = ४ व्यञ्जन + ६ स्वर + १२ वाँ सूत्र + १ पहिला सूत्राक्षर = २३ पिण्ड हुआ।

सुमित्रा = ४ व्यञ्जन + ३ स्वर + १३ तेरहवांसूत्र + ३ तीसरा अक्षर सूत्र का २३ पिण्ड हुआ।

यहाँ पुरुष तथा स्त्रियों का व्यञ्जन योग समान है अतएव दशरथ के नाम के व्यञ्जनों के योग में १ की वृद्धि कर दी तो ५ व्यञ्जन योग हो गया अतः पिण्ड में भी एक की वृद्धि होने से २४ पिण्ड हुआ। इसमें पुरुष के नाम के व्यञ्जन योग ५ का भाग दिया तो शेष ४ बचे। स्त्रियों में क्रमशः ४—४ का अर्थात् अपने अपने व्यञ्जन योग का भाग देने से क्रमशः शेष ३—३ बचे जो दशरथ के शेष से न्यून है अतएव दशरथ की प्रथम मृत्यु हुई थी। एवं सर्वत्र यही क्रम जानना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

इति तीसरा नियम का क्रम

सङ्केत=कुल तीन नियम हैं—उनके आधार से निश्चय करके स्त्री पुरुष के मध्य में प्रथम किसकी मृत्यु होगी निश्चय कह देने से उपहास न होगा ।

स्त्री के पिण्ड में प्रायः स्त्री नाम के व्यञ्जनों के योग का ही भाग दिया जाता है—पुरुष पिण्ड में परिवर्तन नियमानुसार हो सकता है ।

यथा—(१) यदि शेष सम बचे तो पुरुष पिण्ड में ६ का भाग दीजिये । स्त्री पिण्ड में स्त्री व्यञ्जन योग का भाग रहेगा ।

(२) यदि स्त्री तथा पुरुष के नामों के व्यञ्जन योग समान हों अथवा पुरुष के नाम के व्यञ्जन योग से स्त्री के नाम के व्यञ्जन योग अधिक हों-तो स्त्री के नाम के व्यञ्जन योग से पुरुष नाम का व्यञ्जन योग एक अधिक कर दीजिये अर्थात् स्त्री के नाम के व्यञ्जन योग से पुरुष के नाम का व्यञ्जन योग एक से न्यून न हो ।

नोट—व्यञ्जन योग में वृद्धि होने से पिण्ड में भी उतनी ही वृद्धि हो जायगी ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। द्वितीयमतम् ।।

श्लोकः—द्वयोः पिण्डयोर्वासुयोगं विधाय-
द्वयोर्व्यञ्जनानाञ्च योगेन धीमान् ।
विभज्याथवै पिण्डयोगन्द्वयोस्तु-
वदेदाशु सत्यं फलं शान्तचित्तः ।।

अर्थ—स्त्री व पुरुष के पिण्ड योग में स्त्री व पुरुष के व्यञ्जनों के योग का भाग देकर शान्त चित्त से निम्नलिखित सत्य फल कहे ।

श्लोकः-शेषेऽसमे वै पुरुषस्यमृत्युनार्याश्चमृत्युर्हिसमेऽभिधेय ।
शम्भोःप्रसादादुपलब्धसूत्रैर्मुनीश्वरैर्निश्चितएषएवः ।।

अर्थ—विषम शेष रहने पर पुरुष की तथा सम शेष रहने पर स्त्री की मृत्यु जानना चाहिये । मुनीश्वरों ने भगवान् शिव की कृपा से प्राप्त सूत्रों के द्वारा ऐसा निश्चय किया है ।

।। तृतीयमतम् ।।

श्लोकः—पिण्डद्वयैक्यन्तु विभज्यनन्दैश्-
शेषैं समे स्त्रीमरणंभवेत्प्राक् ।
मृत्युर्हिशेषेविषमेचपुंसः-
शेषेनवाङ्केऽपिभवेद्धियोषितः ।।

अर्थ—पिण्ड द्वय योग को नव से भाग देने से यदि सम शेष बचें तो स्त्री की प्रथम मृत्यु कहना चाहिये तथा विषम शेष में पुरुष की प्रथम मृत्यु होना निश्चित है । नव शेष में प्रायः स्त्री की

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

प्रथम मृत्यु होती है। (नव शेष का अर्थ शून्य शेष जानना चाहिये।

सङ्केतः—तीनों प्रकार के मत से गणित करके दो मतैक्य में फलादेश कहे। यदि तीनों प्रकार में भिन्नता हो तो द्वितीय मत के पिण्डद्वय योग में एक जोड़कर शेष क्रिया पूर्ववत् करके दो मतैक्य में निश्चित सत्य फल कहे।

विशेषआवश्यकसूचना

स्त्री वा पुरुष में प्रथम किसकी मृत्यु होना है इस ज्ञान के लिये प्रश्नकर्ता के मुख से जो नाम (स्त्री व पुरुष) के निकलें चाहे वे नाम अशुद्ध हों या शुद्ध, उनसे ही पूर्ण पिण्डादि कार्य करना चाहिये अपनी तरफ से कुछ भी संशोधन नहीं करना चाहिये अन्यथा फलादेश में अन्तर अवश्य होगा। क्योंकि स्वर और व्यञ्जनों से ही पिण्डादि कार्य होता है। एक भी स्वर या व्यञ्जन के न्यूनाधिक से विशष अन्तर पड़ जायेगा। अतएव सावधानी से दोनों नाम लिखकर पिण्डादि कार्य करना चाहिये। (हयवरट्) सूत्र में (व) का ज्ञान और "जबगडदश्" इस सूत्र में (ब) का ज्ञान करना चाहिये। छोटे 'हकार' में 'हयवरट्' का 'ह' लेना चाहिये। और बड़े 'हकार' में 'हल्' का हं लेना चाहिये।

अशुद्ध	शुद्ध	अशुद्ध	शुद्ध
किशुनलाल	– कृष्णलाल।	विशुन नरायण	– विष्णु नारायण।
ईसुरी प्रसाद	– ईश्वरी प्रसाद।	पारवती	– पार्वती।
वुधा	– बुधा।	जमुना	– यमुना आदि।

जैसा शुद्ध अशुद्ध जितना नाम पृच्छक कहे उसी से गणित करना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अथ शिवचतुर्दश सूत्रों द्वारा विविध प्रश्नोत्तर निकालने की अन्यविधि

पृच्छक के प्रश्न पूछने के वाद–शिवचतुर्दश सूत्रों में कोई एक सूत्र मुख से कहना चाहिये या अंगुली रखना चाहिये किसी एक सूत्र पर। अथवा चौदह तक के अंकों के अन्दर कोई एक अंक कहना चाहिये उससे भी उस संख्या का सूत्र जानना चाहिये सूत्र संख्या–सूत्र के अक्षर जितने भी हों तथा पृच्छक के नाम के अक्षर– इन सबको जोंड़कर ३ का भाग देकर शेष से प्रश्नोत्तर कहना चाहिये। तीन शेष का अर्थ है शून्य शेष अर्थात शून्य वचने पर तीन शेष जानना चाहिये।

प्रश्नोत्तर निकालना–यथा किसी ने गर्भ सम्बन्धी प्रश्न पूछा है और –मुख से ५ वाँ सूत्र हयवरट्, कहा है – पृच्छक का नाम रामनाथ है। तो ५ सूत्र संख्या– ४ सूत्र के अक्षरों की सख्या ४ नाम के अक्षरों की संख्याकुल योग– १३ हुआ इसमें ३ का भाग देने पर १ शेष वचा अतः पुत्र जन्म होगा। इसी प्रकार विविधि प्रश्नों के उत्तर निकाले जा सकते हैं।

प्रश्न निर्णय— १ शेष में	२ शेष में	३ शेष में
पुत्र कन्यादि निर्णय–में पुत्र	कन्या	पुत्र या गर्भपात।
मूक प्रश्न में– धातु	मूल	जीव
पराजय या विजय प्रश्न में-विजय	पराजय	मेल
तेजी मन्दी प्र० में–तेजी	मन्दी	सम
विवाह प्रश्न में– होगा	नहीं होगा	विलम्व है

सङ्केत– इसी प्रकार अनेक प्रश्नों के उत्तर निकाले जा सकते हैं एक शेष का फल शुभ रहेगा। २ शेष का अशुभ रहेगा। ३ अर्थात् शून्य शेष का फल सम रहेगा।

— × —

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। सर्वसाधारण के लिए अति सरल नियम प्रश्नोत्तर निकालने का ।।

पृच्छक (पूछने वाला) जो भी प्रश्न करे उस प्रश्न को प्रश्नावली में देखकर प्रश्न का अङ्कित अक्षर स्मरण रखना चाहिए। इसके बाद पृच्छक से चौदह तक के अङ्कों में किसी एक अङ्क को मुख से कहलाना चाहिए। प्रश्न का अंकित अक्षर तथा मुख से जो भी एक से लेकर चौदह के अन्दर किसी एक अङ्क को कहा है। उन दोनों के मिलान से उत्तर निकल आयेगा।

जैसे किसी ने प्रश्न किया कि अमुक स्त्री के गर्भ में क्या है तो यह प्रश्न 'ई' अक्षर का है यही 'ई' ही प्रश्न अङ्कित अक्षर है। पूछने वाले ने मुख से ५ अङ्क कहा है तो 'ई' और ५ अङ्क के सामने मिलान मिलाने से उत्तर निकला कि कन्या जन्म लेगी।

इसी क्रम से सभी प्रश्नोत्तर निकाले जा सकते हैं इस विधि से उत्तर निकालने में चौदह सूत्रों को याद रखने की भी आवश्यकता नहीं है। यह नियम अति सरल है।

।। इति प्रश्नविवरण समाप्त ।।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

भूमिसंशोधनादिप्रकरणम्

श्लोकः—नत्वाशिवन्तुकरुणालयमत्युदारं-
देवीञ्चसर्वंजगताञ्जननींप्रणम्य ।
ध्यात्वा गुरोश्च पदपद्मयुगन्दयालो-
र्भूमेर्विशोधनविधिं कथयामिसूत्रै :॥ १ ॥

अर्थः—अत्यन्त दयालु श्री शङ्कर जी को नमस्कार करके तथा जगज्जननी भगवती देवी को प्रणाम करके तथा दया की मूर्ति श्री गुरुचरण कमलों का ध्यान करके गृहादि निर्माण के लिये भूमि संशोधनादि विधि वर्णन कर रहा हूँ ॥१॥

श्लोकः—आयामविस्तारकयोश्चसङ्ख्ये-
कृत्वाहते चैवपरस्परंवै ।
वेदेन्दुभक्तेतुफले तयोस्तु-
शेषेण भूमेश्च शुभाशुभञ्च ॥ २ ॥

अर्थः—जितनी भूमि में गृह निर्माण करने का विचार हो उस भूमि का दीर्घ तथा विस्तार अर्थात् लम्बाई तथा चौड़ाई नाप कर-परस्पर गुणा कर गुणनफल में चौदह का भाग. देने से जो शेष बचें

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

उनसे निम्नलिखित विधि से शुभ तथा अशुभ फल कहना चाहिये ॥२॥

१ २ ३
श्लोकः—अशुभेवशुभञ्चशुभाशुभं-
४ ५ ६
शुभमलन्नशुभंशुभमेवच ।
७ ८ ९ १०
अतिशुभन्नशुभन्तुशुभन्नसत्-
११ १२ १३ १४
त्वशुभमेवशुभन्नशुभंशुभम् ॥ ३ ॥

अर्थः—१ अशुभ—२ शुभ—३ शुभाशुभ—४ अत्यन्त शुभ—५ अशुभ६—शुभ—७ शुभ—८ अशुभ—९ शुभ—१०अशुभ—११ अशुभ-१२—शुभं—१३—अशुभ—१४ शुभ। चतुर्दश सूत्रों का फल क्रमशः जानना चाहिये ॥३॥

श्लोकः—फलमिदङ्कथितम्मुनिमण्डलै-
र्जनहितायशुभाशुभमद्भुतम् ।
वदतिशम्भुमतम्मतिमान्नरः—
भवतिपूज्यतमो धरणीतले ॥ ४ ॥

अर्थ—चतुर्दश सूत्रानुसार जो शुभ तथा अशुभ फल—मुनीश्वरों ने कहा है वह भगवान् शङ्कर का मत है—जो मनुष्य इस प्रकार फल को कहता है वह संसार में विशेष पूजनीय होता है ॥४॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

तात्कालिकशिवसूत्रस्थापनचक्रम् ॥

संवत् २०३१ चैत्रसुदि ७ सप्तमीशनिवारे ता० ३०-३-१९७४ प्रातः ७ सप्तवादनसमये । सूर्योदयादिष्टम् ०२/४७/३०

स्पष्टलग्नम् ००/०८/३/४९/२६ लग्नवत् क्रिया करने से यह चक्र सम्पन्न हुआ है यदि वृषलग्न वर्तमान हो तो प्रथम स्थान में २ रखना चाहिये ।

<table>
<tr><td>३
एओङ्</td><td>२
ऋऌक्</td><td rowspan="2">अइउण्
१</td><td>१४
हल्</td><td>१३
शषसर्</td></tr>
<tr><td colspan="2">४
ऐऔच्</td><td colspan="2">१२
कपय्</td></tr>
<tr><td colspan="2">५
हथवरट्</td><td rowspan="2">८
झभन्</td><td colspan="2">११
खफछठथचटतव्</td></tr>
<tr><td>६
लण्</td><td>७
अमङणनम्</td><td>९
घढ़घष्</td><td>१०
जवगडदश्</td></tr>
</table>

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

इनमें ग्रह भी स्थापित किये जा सकते है।

१३वें स्थान का फल - शरीर सम्बन्धी आदि फलज्ञान के लिये तथा १४वें स्थान का फल—धन सम्बन्धी आदि (द्यूत-सट्टा-लाटरी आदि,) ज्ञान के लिये जानना चाहिये। इन स्थानों से विशेष सूक्ष विचार किये जाते हैं।

सङ्केत:—"अइउण्" तथा "शषसर्" जिस भाव में होंगे इन दोनों सूत्रों का फल समान ही रहेगा—इतनी विशेषता होगी कि १५ अश तक 'अइउण" का फल रहेगा पश्चात् (१६ अंश से ३० अंश तक) "शषसर्" का फल रहेगा। एवमेव—'ऋलृक्' तथा "हल्" का फल जानना चाहिये।

प्रसङ्गवश भूमि में स्थित द्रव्यशल्यादि विचारः।

श्लोकः—तात्कालिकंसूत्रचयन्तुशम्भो-
नक्षत्रसङ्घञ्चतथाविधाय ।
संस्थाप्यसूत्राणिशिवस्यतत्र
नक्षत्रमध्येक्रमशस्सुधीमान् ॥५॥

× × × ×

प्रष्टुर्मुखाच्चैवफलादितस्मिन्-
कालेनिशश्याशुविधार्यपिण्डम् ।
नानाविधसत्यफलन्धरायां-
ब्रूयाद्बुध:शम्भुमतानुसारम् ॥६॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ—जिस स्थान में (गृहया मैदान में) द्रव्य आदि निर्णय करना हो तो वहां पर प्रच्छक खड़े होकर प्रश्न करे—प्रश्न करते समय का तात्कालिक शिव सूत्र तथा तात्कालिक नक्षत्र निकाल ले—पश्चात् अष्टाविंशतिकोष्ठात्मक में नक्षत्र तथा शिव सूत्र स्थापित करे ॥५॥ प्रश्न करते समय प्रच्छक के मुख से नियमानुसार 'पुष्प आदि' कहलाकर उसका (पूर्व नियमानुसार) पिण्ड बना ले। इन सबके मिलाने से नाना प्रकार के फल चतुर्दश सूत्रों द्वारा कहे ॥६॥

सङ्केत—गृह द्वार में कृत्तिका नक्षत्र से आरम्भ कर २८ कोष्ठात्मक चक्र बनावे। यदि मैदान (समया विषम भूमि मात्र ही हो) तो वहां वर्तमान सूत्रोदय की दिशा में चक्र स्थापन करना चाहिये। द्रव्य या शल्प का निर्णय) (ऐऔच्) और 'हयवरट्' इन सूत्रों से ही करे।

॥ द्रव्यादिनिर्णयः ॥

श्लोकः—'ऐऔच्' यदास्यान्निजभस्यकोष्ठे-
तस्यैवनक्षत्रचयेतथावा ।
वासस्तथापञ्चमसूत्रकस्य-
व्रूयान्निधिविज्ञवरोहितत्र ॥७॥

× × × ×

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

श्लोकः—भिन्नेत तदा भिन्नफलंप्रवाच्यं
नूनं हिदैवज्ञ वरेणसत्यम् ।
'ऐऔच्' च सूत्रङ् किलयत्रकोष्ठे-
तत्रैवविद्वांस्तु निधिंवदेच्च ॥८॥

× × × ×

श्लोकः—'हयवरट्' भुवियत्रवुधस्तदा-
वदतुशल्यमपिद्वयमेववा ।
फलमिदंशिवसूत्रवलेनतु-
निगदितङ्किलपूर्वमहर्षिभिः ॥९॥

अर्थ—'ऐऔच्' सूत्र तथा 'हयवरट' यह सूत्र यदि 'ऐऔच' सूत्र के नक्षत्र (अष्टाविंशति कोष्ठात्मक चक्र के ऊपर नक्षत्र लिखे हैं) में हों तो निश्चय निधि है ऐसा उत्तर विद्वान् देवे। यदि एक दूसरे के नक्षत्रों में सूत्र हों तो कुछ नहीं है ऐसा कहे। यदि अपने अपने नक्षत्रों में दोनों सूत्र हों तो स्वल्पनिधि तथा स्वल्पशल्य है ऐसा कहे। यदि दोनों 'हयवरट्' सूत्र के नक्षत्रों में हो तो केवल अस्थि आदि हैं धन कुछ भी नहीं है ऐसा कहे। 'ऐऔच्' सूत्र के कोठे में निधि तथा 'हयवरट्' सूत्र के कोठे में अस्थि आदि कहे। तपस्वी मुनि मण्डली ने ऐसा निर्णय किया है ॥७।८।९॥

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अहोरात्र (२४ घंटों में) २८ नक्षत्रों का भोग्यकाल ।
(स्थूलमान से) पृष्ठ १३ श्लोक १२ के आधार से ।

घटी—पल — वि०—प्रवि०	नक्षत्र नाम	सं०	घंटा—मि०—से०—प्र०से०
०२ । ०८ । १४ । १७	तक अश्विनी	१	०० । ५१ । २५ । ५३
०४ । १७ । ८ । ३४	तक भरणी	२	०१ । ४२ । ५१ । ०६
०६ । २५ । ४२ । ५१	,, कृतिका	३	०२ । ३४ । १७ । ०९
०८ । ३४ । १७ । ०८	,, रोहिणी	४	०३ । २५ । ४२ । ५२
१० । ४२ । ५१ । २५	तक मृगशिरा	५	०४ । १७ । ०८ । ३५
१२ । ५१ । २५ । ४२	तक आर्द्रा	६	०५ । ०८ । ३४ । १८
१४ । ५९ । ५९ । ५९	,, पुनर्वसु	७	०६ । २० । ०० । ०१
१७ । ०८ । ३४ । १६	,, पुष्य	८	०६ । ५१ । २५ । ४४
१९ । १७ । ०८ । ३३	,, आश्ले०	९	०७ । ४२ । ५१ । २७
२१ । २५ । ४२ । ५०	,, मघा	१०	०८ । ३४ । १७ । १०
२३ । ३४ । १७ । ०७	तक पू० फा०	११	०९ । २५ । ४२ । ५३
२५ । ४२ । ५१ । २४	तक उ० फा०	१२	१० । १७ । ०८ । ३६
२७ । ५१ । २५ । ४१	तक हस्त	१३	११ । ०८ । ३४ । ०९
२९ । ५९ । ५९ । ५८	,, चित्रा	१४	१२ । ०० । ०० । ०२
३२ । ०८ । ३४ । १५	,, स्वाती	१५	१२ । ५१ । २५ । ४५
३४ । १७ । ०८ । ३२	,, विशाखा	१६	१३ । ४२ । ५१ । २८
३६ । २५ । ४२ । ४९	तक अनुराधा	१७	१४ । ३४ । १७ । ११
३८ । ३४ । १७ । ०६	तक ज्येष्ठा	१८	१५ । २५ । ४२ । ५४
४० । ४२ । ५१ । २३	,, मूल	१९	१६ । १७ । ०८ । ३७
४२ । ५१ । २५ । ४०	,, पू० षा०	२०	१७ । ०८ । ३४ । २०
४४ । ५९ । ५९ । ५७	,, उ० षा०	२१	१८ । ०० । ०० । ०३
४७ । ०८ । ३४ । ०४	,, अभिजित्	२२	१८ । ५१ । २५ । ४६
४९ । १७ । ०८ । ३१	,, श्रवण	२३	१९ । ४२ । ५१ । २९
५१ । २५ । ४२ । ४८	तक धनिष्ठा	२४	२० । ३४ । १७ । १२
५३ । ३४ । १७ । ०५	तक शतभिषा	२५	२१ । २५ । ४२ । ५५
५५ । ४२ । ५१ । २२	,, पू० भा०	२६	२२ । १७ । ०७ । ३८
५७ । ५१ । २५ । ३९	,, उ० भा०	२७	२३ । ०८ । ३३ । २१
६० । ०० । ०० । ००	तक रेवती	२८	२४ । ०० । ०० । ००

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। अहोरात्र (२४ घंटे) में चतुर्दश शिव सूत्रों का भोग्यकाल ।।

(स्थूल मान से) सूर्योदयकालसे

घटी—पल—वि०—प्र०वि०	सूत्र नाम	सं०	घंटा—मि०—से०—प्रति से०
४ । १७ । ८ । ३४	तक अइउण्	१	०१ । ४२ । ५१ । २६
०८ । ३४ । १७ । ०८	तक ऋलक	२	०३ । २५ । ४२ । ५२
१२ । ५१ । २५ । ४२	,, एओङ्	३	०५ । ०८ । ३४ । १८
१७ । ०८ । ३४ । १६	,, ऐऔच्	४	०६ । ५१ । २५ । ४४
२१ । २५ । ४२ । ५०	,, हयवरट्	५	०८ । ३४ । १७ । १०
२५ । ४२ । ५१ । २४	तक लण्	६	१० । १७ । ०८ । ३६
२९ । ५९ । ५९ । ५८	तक ञमङणनम्	७	१२ । ०० । ०० । ०२
१७ । १७ । ०८ । ३२	तक झभञ्	८	१३ । ४२ । ५१ । २८
३८ । ३४ । १७ । ०६	,, घढधष्	९	१५ । २५ । ४२ । ५४
४२ । ५१ । २५ । ४०	,, जबगडदश्	१०	१७ । ०८ । ३४ । २०
४७ । ०८ । ३४ । १४	,, खफछठथचटतव्	११	१८ । ५१ । २५ । ४६
५१ । २५ । ४२ । ४८	तक कपय्	१२	२० । ३४ । १७ । १२
५५ । ४२ । ५१ । २२	तक शषसर्	१३	२२ । १७ । ०७ । ३८
६० । ०० । ०० । ००	तक हल्	१४	२४ । ०० । ०० । ००

सूर्योदय काल में जो सूत्र होगा उसी सूत्र से अहोरात्र में १४ सूत्र भोग करेंगे यथा—चैत्र सुदि में ७ सप्तमी में शनिवार है शनि को (ञमङणनम्) इस सूत्र का उदय है—७ बजकर ३५ मिनट ५१ सेकण्ड २६ प्रति सेकण्ड रहेगा। इसी प्रकार—सूर्योदय काल से अहोरात्र में २८ नक्षत्र-७ वार-१५ तिथियां आदि सभी भोग करेंगी। प्रश्न समय का—सूत्र—वार—नक्षत्र आदि गणित से देखना चाहिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अथसूत्रयोर्नक्षत्रविभागः ॥

श्लोकः—स्वातीमूलकरोत्तरात्रयमघावह्निर्यमश्चाश्विनी-
पूर्वाभाद्रपदाऽदितिश्च वसबोमैत्रंजगुःपूर्वजाः ।
नक्षत्राणिच पञ्चमस्य मुनयः सूत्रस्यशम्भोस्तथा-
सूत्रस्यापिचतुर्थकस्यकृतिनोभानीहशेषाणिवै ॥१०॥

अर्थ—स्वाती—मूल—हस्त—तीनों उत्तरा—मघा—कृत्तिका—भरणी-अश्विनी—पूर्वाभाद्रपदा—पुनर्वसु—अनुराधा—धनिष्ठा ये १४ नक्षत्र महर्षियों ने "हयवरट्" इस सूत्र के अधिकार में निश्चित किये हैं तथा शेष १४ नक्षत्र "ऐऔच" इस सूत्र के अधिकार में निश्चित किये हैं ।

नक्षत्र विभाग का चक्र स्पष्ट आगे लिखा है ।

भूमि में स्थित द्रव्य व शल्य आदि निर्णयार्थ नक्षत्र विभाग

"ऐऔच्" सूत्र के नक्षत्र	"हयवरट्" सूत्र के नक्षत्र
रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, पुर्वाफाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़, अभिजित्, श्रवण, शतभिषा, रेवती ।	कृत्तिका—पुनर्वसु, मघा—उत्तराफाल्गुनी, हस्त स्वाती, अनुराधा, मूल—उत्तराषाढ़, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद-उत्तराभाद्रपद, अश्विनी, भरणी ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

निधि आदि निर्णयार्थं अष्ठाविंशति कोष्ठात्मक चक्र

पूर्व

उ० (left) — द० (right)

आश्लेषा 'जवगड्दश'	मघा खफछठथ चटतव्	पू० फा० 'कपय्'	उ० फा० 'शषसर'	हस्त 'हल्'	चित्रा 'अइउण्'	स्वाती 'ऋलृक्'
पुष्य 'धढ़घष्'	धनिष्ठा	शतभिषा	पू० भा०	उत्तराभाद्र	रेवती	विशाखा 'एओङ्'
पुनर्वसु 'झभञ्'	श्रवण	अभिजित्	उत्तराषाढ़	भरणी	अश्विनी	अनुराधा 'ऐऔच्'
आर्द्रा 'ञमङणनम्'	मृगशिर	रोहिणी	कृत्तिका ग्रहद्वार	पू० षा०	मूल 'लण्'	ज्येष्ठा 'हयवरट्'

पश्चिम

भूमि में स्थित द्रव्य आदि निर्णय का उदाहरण ।

यथा—किसी प्रच्छक ने सं० २०३१ चैत्रसुदि ७ सप्तमी—शनिवार ता० ३०-३-७४ में द्रव्य आदि निर्णयार्थं प्रश्न किया—सूर्योदयसे ५ बजकर ५३ मिनट पर है ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

प्रश्न का समय प्रातः ७ बजे का है—सूर्यादिष्ट ०२।४७।३० है। स्थूलमान से लग्न ००-८।३।४९।२६ है।

'गुलाब का पुष्प मुख से कहा है (प्रातः काले पुष्पमेकन्नि-गद्यादिति इस नियम से) पिण्ड १९ हुआ (पूर्ववत् पिण्ड बनाने की विधि से)

सूर्योदय पर मृगशिर नक्षत्र है इसीं मृगशिर नक्षत्र से आरम्भ करके अहोरात्रि के दो घटी--०८ पल १४ विपल १७ प्रति विपल अर्थात् ०० घटा ५१ मिनट २५ सेकण्ड ५३ प्रति सेकण्ड–प्रति नक्षत्र के भोग से २८ नक्षत्र भोग करेंगें इस क्रम से मृगशिर मैं मृगशिर नक्षत्र का भोग निकालकर वर्तमान नक्षत्र आर्द्रा हुआ जो ७ बजकर ३५ मिनट ५१ सेकण्ड ६ प्रति सेकण्ड रहेगा।

इसी क्रम से अहोरात्र में १४ सूत्र भी प्रति सूत्र ४ घटी १७ पल ८ विपल ३४ प्रति विपल अर्थात् १ घंटा ४२ मिनट ५१ सेकण्ड २६ प्रति सेकण्ड के क्रम से भोग करेंगे। सूर्योदय में शनि-वार में "ञमङणनम्" सूत्र का उदय होने से ७ बजकर ३५ मिनट् ५१ सेकण्ड २६ प्रति सेकण्ड इक 'ञमङणनम्' यह सूत्र रहेगा। अर्थात् वर्तमान 'ञमङणनम् यह सूत्र है।

अष्टाविंशति कोष्ठात्मक चक्र में विचार करना है कि वर्तमान नक्षत्र आर्द्रा है पद वर्तमान सूत्र "ञमङणनम्" है उस सूत्र को आर्द्रा नक्षत्र वर्तमान होने से स्थापित किया जो चक्र देखने से स्पष्ट होगा।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

गृह का द्वार–पश्चिम दिशा में है अतः पश्चिम दिशा से कृत्रिकादि नक्षत्र चक्र में स्थापित किये गये हैं।

सङ्केत—जिस दिशा में गृह का द्वार होता है उसी दिशा से कृत्तिकादि नक्षत्र स्थापित करे।

यदि मैदान हो तो प्रश्नकर्ता जिस समय प्रश्न करे उस समय का सूत्र जिस दिशा का स्वामी हो उसी दिशा से कृत्तिकादि नक्षत्र स्थापित करे पृष्ठ नं० ५ का चक्र देखिये। वर्तमान समय में गृह में निर्णय करना है तो अष्टाविंशतिकोष्ठात्मक चक्र में "ऐऔच्" यह सूत्र अनुराधा नक्षत्र में है जो कि 'हयवरट्' सूत्र का नक्षत्र है तथा "हयवरट्" यह सूत्र ज्येष्ठा नक्षत्र में है जो कि "ऐऔच्" इस सूत्र का नक्षत्र है अतः एक दूसरे में सूत्रों की स्थिति होने से द्रव्य आदि कुछ भीं नहीं है।

द्रव्य लाभालाभ का निर्णय

प्रश्नकर्त्ता के मुख से प्रश्न करते समय जो पुष्प आदि निकले उसका पिण्ड बनाकर उस पिण्ड तथा वर्तमान सूत्र गणना 'अइउण' सूत्र से गिनकर जोड़ कर तीन का भाग देने से जो शेष बचे उनसे लाभालाभ का निर्णय करे—१ शेष से लाभ। २ शेष से सामान्य लाभ। ३ शेष से लाभ नहीं होगा।

द्रव्यादि स्थिति की गहराई

पुष्पादि द्वारा जो पिण्ड बनाया गया है, उस पिण्ड में प्रश्न समय का जो सूत्र वर्तमान हो, उसकी सङ्ख्या 'आइउण' से गिनकर

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

जोड़कर शिव सूत्र सङ्ख्या (१४) का भाग देने से जो शेष बचें उतने ही हाथ अथवा वालिस्त गहराई पर द्रव्य आदि कहना चाहिये। 'ऐऔच्', के कोठे में निधि और हयवरट्' के कोठे में शल्यादि।

यथा—पिण्ड १९ (गुलाब) इस पुष्प के नाम से

वर्तमान सूत्र ७वाँ ञमङणनम्।

२६ यह प्रधान पिण्ड हुआ। इसमें १४ का भाग दिया तो १२ शेष बचे। १२ हाथ या १२ वालिस्त गहराई पर द्रव्यादि कहे।

अथवा—१४से प्रधान पिण्ड में भाग देनेसे जो शेष बचे उनको शिव सूत्रानुसार सूत्र मानकर उस सूत्र में जितने अक्षर हों उतने ही हाथ या वालिश्त पर द्रव्यादि कहे।

यथा—प्रधान पिण्ड में १४ का भाग देने से १२ शेष बचे तो १२वां सूत्र 'कपय्' हुआ। इसमें दो अक्षर हैं अतः २ हाथ या दो वालिस्त पर द्रव्यादि कहे।

सङ्केत—दोनों नियमों में भेद होना स्वाभाविक है अतः दोनों शेषों को जोड़कर दो का भाग देने से जो लब्ध आवे उतने ही हाथ या वालिस्त पर द्रव्यादि कहे। यथा १२+२=१४ हुये दो का भाग देने से ७ लब्ध आये इतने हाथ या वालिस्त पर द्रव्यादि कहे। १वालिश्त १२ अङ्गुल का होता है।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

प्रसङ्ग वश चौर आदि के नाम का प्रथमाक्षर निकालने की विधि

यथा—चौरादि नाम का प्रथमाक्षर निकालना है।

श्लोक:—तत्कालसूत्रसहितङ् कुसुमादिपिण्डं-
वर्गैर्विभज्यसुधिपाचपुनर्विभज्य ।
वर्गाक्षरैश्चकिलशेषबलेनवाच्यं-
नाम्नोऽक्षरंहिप्रथमम्भुवितस्करस्य ॥

अर्थ—चौर के नाम का प्रथमाक्षर जानने के लिये—पुष्पादि नाम का पिण्ड तथा वर्तमान सूत्र सङ्ख्या जोड़कर - उस योग में ८ का भाग देने से जो शेष बचें उसी वर्ग के (अवर्ग - कवर्ग आदि के) अक्षरों में अक्षर होगा।

पुन:—जिस वर्ग के अक्षरों में अक्षर है उस वर्ग में जितने अक्षर हों उतने ही अक्षरों का भाग पुन: पूर्व योग में भाग देने से शेष से वही सङ्ख्यक अक्षर जानना चाहिये ॥११॥

यथा—वर्तमान समय का सूत्र (प्रश्न करते समय का सूत्र) ७वां है—गुलाब, यह पुष्प का नाम प्रश्न के समय का 'गुलाब' का पिण्ड (१९) हुआ योग १९+७=२६ हुआ। ८ वर्ग होते हैं अत: ८ का भाग देने से २ शेष से कवर्ग आया। कवर्ग में ५ अक्षर होने से २६ में पांच का भाग दिया तो शेष १ बचने से चौर के नाम का प्रथमाक्षर (क) आया।

सङ्केत—इसी प्रकार पूर्व में ४ का भाग देने से शेष से (१ ब्राह्मण, २ क्षत्री, ३ वैश्य, ४ शूद्र) चोर जाने।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

एवम्—पूर्व योग में १० का भाग देने से—१ पूर्व—२ आग्नेय ३—दक्षिण—४ नैऋत्य—५ पश्चिम—६ वायव्य—७ उत्तर —८ ईशान—९ ऊपर—१० नीचे वस्तु स्थित कहे।

एवम्—इसी प्रकार योग द्वारा बुद्धि बल से विविध प्रश्नोत्तर निकाले जा सकते हैं।

यथा—किसी मन का अभिप्राय जानना है तो पूर्व में ४८ का भाग देने से जो शेष बचे वह अक्षर स्मरण रक्खे—पुन: उसी योग में १४ का भाग देने से जो शेष बचे उससे सूत्र स्मरण रक्खे पुन: दोनों के मिलान से उत्तर सहित अभिप्राय अवगत हो जायेगा।

यथा—१९+७=२६ योग है इसमें ४८ का भाग देने से २६ शेष बचे—पुन: २६ में १४ का भाग देने से १२ शेष बचे अर्थात् १२वाँ सूत्र 'कपय्' हुआ २६ तथा 'कपय' के मिलान प्रश्नोत्तरों के मिलाने से २६वां अक्षर 'भ' का प्रश्न है—किसी काम करने के विषय में लाभ हानि का उत्तर 'कपय्' सूत्र तथा २६ के मिलान से (भ अक्षर के मिलान से) निकला (यह काम लाभप्रद होगा)

इसी प्रकार अनेक प्रकार के प्रश्न-उत्तर सहित निकाले जा सकते हैं।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। मुहूर्तविषयेनिर्णयः ।।

श्लोक– लोकेसदासर्वविधंहिकार्यङ्–
कुर्याज्जनः शोभनसूत्रकाले ।
साफल्यमत्रालभतेमनस्वी–
सूत्रोदयेनैवमुहूर्तचिन्ता ।।१२।।

\+ \+ \+ \+

अर्थ–सभी प्रकार के कार्यारम्भ शुभ सूत्रोदय में करने से अवश्य सफलता मिलती है । सूत्रोदय काल में मुहूर्त विचार ने की आवश्यकता नहीं है ।।१२।।

श्लोक– सदापृच्छकः प्रश्नमेकं विदध्यान्–
नचान्यन्द्वितीयादिकञ्चैकवारे ।
फलंशम्भुसूत्रानुसारंवदेद्वै–
मुनीन्द्रादिवृन्दैरिदन्निश्चितंयत् ।।१३।।

\+ \+ \+ \+

अर्थ–एक पृच्छक एक दिन में एक ही प्रश्न करे द्वितीय-तृतीय आदि न करे । ऐसा मतमुनीन्द्र आदि निश्चित कर गये हैं ।

।। इति भूमिशोधनादिप्रकार ।।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। अथजातकफलादेशवर्णन ।।

श्लोक- मेषादिराशिषुबुधैरपि जन्मकाले-
माहेश्वरं सपदिसूत्रगणंविलिख्य ।
भावस्थितैश्चक्रमतः किलशम्भुसूत्रै-
र्वाच्यंशुभाशुभफलम्भुविमानवानाम् ।।

\+ \+ \+ \+

अर्थ-जन्म काल में मेष राशि आदि १२ राशियों में अइउण् आदि १४ सूत्रों को क्रम से प्रति राशि में स्थापन करना चाहिए। अर्थात् मेष में 'अइउण्' वृष में 'ऋलक्' मिथुन राशि में (एओङ) कर्क में (एऔच्) इत्यादि क्रम से सूत्रों को स्थापन करे अर्थात् द्वादश भावों में मेष आदि १२ राशियों के क्रम से १४ सूत्रों को लिखे मेष में 'अइउण्' और शषसर, ये सूत्र स्थापित होगे। वृष राशि में 'ऋलक्' और 'हल' ये दो सूत्र रहेंगे। शेष १० भावों में एक एक सूत्र रहेगा। भावस्थित सूत्रानुसार शुभ तथा अशुभ फल कहना चाहिए। जैसे जन्म काल की लग्न कर्क है तो १२ भावों में कर्क सिंह कन्या आदि तनुभाव आदि में रहेंगीं किन्तु अइउण् मेष राशि में ऋलक् वृष राशि में ही रहेंगे : शेष सूत्र भी इसी क्रम से मिथुन आदि राशियों में रहेंगे। यहाँ कर्क लग्न होने के कारण कर्म

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

भाव अर्थात् दशमभाव में मेष राशि से अइउण् तथा शषसर् ये सूत्र रहेंगे। ११वें भाव में 'ऋलक् तथा 'हल् ये दो सूत्र रहेंगे शेष भावों में एक एक सूत्र रहेगा। लग्न में कर्क राशि होने से (ऐओच्) यह सूत्र रहेगा। शुभ तथा अशुभ फल चक्रानुसार जानना चाहिए। चक्र पृष्ठ नं० ५ में देखिये।

॥ शिवसूत्रस्थापनकुण्डली ॥

५ हयवरट्		४ एओच्	३ एओङ्	
६ लण्			ऋलृक् २ हल्	
७ अमङणनम्		१० जबगडदश्	अइउण् १ शषसर्	
८ झभञ्	९ घढधष्		११ खफछठथ-चटतव्	१२ कपय्

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

१२ भावों का शुभ तथा अशुभ फल का विवरण यहां नीचे लिखे सङ्केतानुसार जानना चाहिये—

१-तनुभाव	—	शुभ फल रहेगा
२-धनभाव	—	अशुभ
३-सहजभाव	—	शुभ
४-सुखभाव	—	शुभ
५-पुत्रभाव	—	अशुभ
६-शत्रुभाव	—	शुभ
७-जायाभाव	—	अशुभ
८-मरणभाव	—	अशुभ
९-धर्मभाव	—	शुभ
१०-कर्मभाव	—	अशुभ
११-लाभभाव	—	शुभ
१२-व्ययभाव	—	साधारण

सङ्केत—पृष्ठ संख्या ५ के चक्रानुसार शुभ तथा अशुभ फल यहीं लिखा गया है । इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिए ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। अथशिवचतुर्दशसूत्रभोग्यकाल ।।

१ २ ३ ४ ५
श्लोक– महीहस्तारामाः श्रुतिपरिमिता वा शरमिता–
६ ७ ८ ९
रसाः शैला नागा नव चकथिता वर्षगणना ।
१० ११ १२ १३ १४
दिशारुद्राःसूर्या अनलवसुधा चैवमनवः–
क्रमाद्वैसूत्राणामखिलफलवोधाय कथिता ।।

\+ \+ \+ \+

अर्थ-शिव सूत्रों का भोग्य काल-अइउण् का १ वर्ष ऋलृक् का २ वर्ष । एओङ का ३ वर्ष । ऐऔच् का ४ वर्ष । हयवरट् का ५ वर्ष । लण्का ६ वर्ष ञमङणनम् का ७ वर्ष । झभञ् का ८ वर्ष । घढ्धष् का ९ वर्ष । जवगडदश् का १० वर्ष । खफछठथचटतव् का ११ वर्ष । कपय् का १२ वर्ष शषसर् का १३ वर्ष । हल् का १४ वर्ष । फल ज्ञान के लिए कहा है । कुल १०५ वर्ष का प्रमाण चाहिये ।

\+ \+ \+ \+

।। दशा का क्रमवर्णनप्रकार ।।

श्लोक– अइउणादिदशा क्रमतोभवे–
दनिलभात्कथितामुनिमण्डलैः ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

भुविविचार्यफलञ्चशुभाशुभं
सुकथने नितराञ्च यशोकलभेत् ॥

\+ \+ \+ \+

अर्थ— अइउण् अदि शिवसूत्रों की दशा क्रम कृतिका नक्षत्र से जानना चाहिये अर्थात अइउण् दशा कृतिका नक्षत्र में प्रारम्भ होगी। रोहिणीनक्षत्र में ऋृल्टक् सूत्र की दशा प्रारम्भ होगी। मृगशिर नक्षत्र में (एओङ) सूत्र का दशा प्रारम्भ होगी। दशा का भी योग काल पूर्व कथित प्रमाण के अनुसार ही जानना चाहिए यथा–अइउण् की दशा एक वर्ष रहेगी। ऋृल्टक् की दशा २ वर्ष रहेगी। (ऐओङ–सूत्र की दशा ३ वर्ष रहेगी उसी क्रम से ऐऔच् आदि सूत्रों की भी दशा प्रमाण वर्षों में जानना चाहिये। दशा का भुक्त तथा योग्य वर्षादिप्रमाण-विंशोत्तरी आदि दशा के समान ही भयात तथा भभोग से निकाल लेना चाहिए। अन्तर्दशा के समान अन्तर्दशा भी निकाल लेना चाहिए। यथा–किसी का जन्म रोहिणी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हुआ है। भभोग ६०/०४ पल हैं-भयात १५ घटी पल १ विपल पल है-तो प्रथम चरण प्रायः समाप्त हो गया है स्वल्प मात्र बर्तमान है तो कृतिका के क्रम से दशा निकालने से ऋृल्टक्, सूत्र की दशा वर्तमान है–स्थूलमान से एक चरण प्रथम चरण व्यतीत हो चुका है–दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ है। ऋृल्टक् दशा का फल चक्रानुसार देखकर कहना चाहिये

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

चक्र-पृष्ठ ५ में है। इन सब का आधार श्रीगुरुदेव वाक्य ही जानना चाहिए।

(१)

॥ अथशिव शूत्रदशा चक्र ॥

ऋऌक्	एओङ्	ऐऔच्	हयवरट्	लण्	ञमङणनम्	झभञ्	घढधष्	जबगडदश्	खफछठथ चटतव्	कपय्	शषसर्	हल्	अइउण्	शिवसूत्र	
०१ ०६ ००	०३	–४	०५	०६	०७	०८	०९	१०	११	१२	१३	१४	०१	व० मा० दि०	
२०२८	२०३०	२०३३	२०३७	२०४२	२०४८	२०५५	२०६३	२०७२	२०८२	२०९३	२१०५	२११८	२१३२	२१३३	संबद्गण
११	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५		सूयराशिः
२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६		सूर्यांशाः
५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३		सूर्यकलाः
००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००		सूर्यविकलाः

सङ्केत–विंशोत्तरी आदि दशा की तरह जन्म समय के सूर्य राशि अंशकला विकला पूर्ण ज्ञान करके शिव सूत्र दशा चक्र बनाना चाहिए। दशा आदि का शुभ तथा अशुभ फल-पृष्ठ संख्या ५ के चक्र में लिखानुसार जानना चाहिए। अन्तर्दशा तथा प्रत्यन्तर्दशा आदि विंशोत्तरी दशा आदिवत् जानिये।

इति संक्षेप से जातकजन्मफलकथनसमाप्त।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(२)

॥ श्रीशिवसूत्राक्षरदशाचक्रमदः ॥

ऋलृक्	एओङ्	ऐऔच्	हयवरट्	लण्	ञमङणनम्	झभञ्	घढधष्	जबगडदश्	खफछठथ चटतव्	कपय्	शषसर्	हल्	अइउण्	सूत्राणि
०१	०२	०२	०४	०१	०५	०२	०३	०५	०८	०२	०३	०१	०३	व०
०६	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	मा०
००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	दि०
००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	घ० प०
२०२८	२०३०	२०३२	२०३४	२०३८	२०३९	२०४४	२०४६	२०४९	२०५४	२०६२	२०६४	२०६७	२०६८	२०७१
११	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	०५	रा०
२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	अं०
५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	५३	क०
००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	००	वि०

सङ्केत–श्री शिव सूत्रदशा के वर्षों का मान क्रमशः १-२-३-४ आदि है। श्री शिवसूत्राक्षर दशा के वर्षों का प्रमाण प्रतिसूत्र के अक्षर क्रम से जानिये।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

३ २ २ २ ४ १ ५ २ ३
श्लोक– रामाद्वौचकरौकरौ श्रुतिमिताश्चन्द्रः, शरा द्वौत्रयः–
५ ८ २ ३ १
पञ्चाष्टौचकरौ त्रयश्च वसुधा ज्ञेयाःक्रमाद्वै
१ २ ३ ४
समाः । निन्द्यंसौख्यकरं शुभाशुभफलंसौख्यप्रदञ्
५ ६ ७ ८ ९
चाशुभं सर्वंशोभनमेवपूर्णशुभदं कष्टप्रदं सौख्यदम् ।
१० ११ १२ १३ १४
॥१॥ निन्द्यन्निन्द्यतरं सदाशुभकरङ्कष्टप्रदंशोभ–
नंशम्भोःसूत्रफलंवुधैर्निगदितंलोकोपकाराय च ॥

अर्थ-श्री शिवसूत्राक्षर दशा के वर्षों का मान-प्रतिसूत्र के स्वर सहित अक्षरों के अनुसार जानना चाहिये । यथा—अइउण् में ३। ऋलृक् में २ । आदि प्रति सूत्र का फल निम्नलिखित क्रम से जानिये ।

यथा-१ अशुभ । २ शुभ । ३ शुभाशुभ । ४ शुभ । ५ अशुभ । ६ शुभ । ७ शुभ । ८ अशुभ । ९ शुभ । १० अशुभ । ११ अशुभ । १२ शुभ १३ अशुभ १४ शुभ ।

(प्रमाण-योगिजन व विद्वत्समुदाय)

॥ शिवचतुर्दशसूत्राणांयन्त्ररूपेणविधानम् ॥

श्लोक– जगति विषमकालो विद्यमानोयदा स्यात्–
पशुपतिवरलब्धं सूत्रजालं विलिख्य ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

मधुनिपयसिसम्यक् सर्पिषिस्थापयित्वा–
प्रतिदिनमतिभक्त्या पूजयेद् विल्वपत्रैः ॥१॥

\+ + + +

श्लोक– सद्रक्तचन्दनयुतेन च कुङ्कुमेन–
स्वर्णादिधातुरचितेऽमलशुद्धपत्रे ।
सम्यक्चयन्त्रमथवा किलभूर्ज पत्रे–
विद्वान्लिखेच्चशुभदाडिमशाखयाच ॥ २ ॥

\+ + + +

अर्थ-जिस समय संसार में अपने ऊपर आपत्ति काल प्राप्त हो उस समय श्रीपशुपति से प्राप्त चतुर्दशसूत्र-सुवर्ण आदि धातु से निर्मित पत्र पर अथवा भूर्ज पत्र परके-शर-युक्त रक्त चन्दन से अनार की कलम से लिख कर शहद या दूध या घृत में लिखित यन्त्र रखकर दैनिक विल्वपत्र आदि से षोऽशोपार पूजन करना चाहिए ॥१॥ ॥२॥

श्लोक– कुसुमफलपयोभिः शुद्धनैवद्यधूपै–
मनुदिनमिति यावत् पूजयेद् भक्तियुक्तः ।
पततिरिपुसमूहस्तस्य पादेतदाशु–
वसति भुवनमध्ये सर्वकल्याणयुक्तः ॥३॥

\+ + + +

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ-सुवर्णादि धातु पर अथवा भोज पत्र पर पूर्ण लिखित नियमानुसार लिखा हुआ शिवचतुर्दशसूत्ररूपीयन्त्र - शहद - घृत दूध अदि किसी एक में रखकर १४ दिन तक पुष्पफल दूध तथा नैवेद्य आदि से पूजन करने से समस्त आपतियाँ नष्ट हो जाती हैं-शत्रुगण चरणों में आकर गिरते हैं। समस्त कल्याण सदा बने रहते हैं।

\+ \+ \+ \+

श्लोक– भ्रमश्वासोन्मादज्वरविविधपीडादिसमये–
तथासर्पादीनां विषहरणकाले धृतमिदम् ।
लिखित्वालेखन्या जगतिविदुषा दाडिमतरो–
भुंजे वा कण्ठे वैहरति सकलंव्याधिनिचयम् ॥४॥

\+ \+ \+ \+

अर्थ–भ्रम - श्वास - उन्माद - समस्त प्रकार के – ज्वार – विविध प्रकार की पीड़ा तथा सर्पवृश्चिकादि की विषकृत पीड़ा आदि में यदि यह श्री शिववर से प्राप्त चतुर्दश सूत्र-भूर्जपत्र पत्र पर अनार की कलम से रक्त चन्दन से लिखकर गले या वाहु में धारण किया जाय तो समस्त पीड़ायें दूर होंगी। यह शिवचतुर्दश सूत्र रूपी यन्त्र समस्त आपत्ति हर तथा सकल सौख्यप्रद है। इसका विशेष विस्तार आगे लिखा जायगा ॥४॥

\+ \+ \+ \+

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। 卐 ।। अथशिवसूत्रयन्त्ररूप ।। 卐 ।।

अइउण्	ऋलक्	एओङ्	ऐऔच्
हयवरट्	लण्	ञमङणनम्	झभञ्
घढधष्	जबगडदश्	खफछठथ चटतव्	कपय्
शषसर्	हल्	देवदत्त	ओं नमः शिवाय

।। अथशिवचतुर्दश सूत्रों का यन्त्र रूप से सङ्क्षेप से विवेचन ।।

सङ्केत-देवदत्त के स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लिखना चाहिए कि जिस व्यक्ति का सम्बन्ध उस कार्य से हो यथारामनारायण नाम व्यक्ति के प्रति यदि यन्त्र का प्रयोग करना है तो यन्त्र में रामनारायण लिखना चाहिए।

१—इस यन्त्र को स्वर्ण आदि धातु से बने हुये पत्र अथवा भोज पत्र पर केशर से युक्त चन्दन (लाल चन्दन) से अनार की कलम से लिखकर दूध या घृत या शहद में रखकर दैनिक षोडशोप-चार पूजा करने से १४ दिन में अथवा (कलौसङ्ख्या चतुर्गुणा)

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

के मत से ५६ दिन में अति कठिन कार्य पूर्ण हो जाते हैं। वेल पत्र तथा श्वेत पुष्प चावल का सदा पूजन में ध्यान रहे।

विशेष सङ्केत–यन्त्र में यदि १४ सूत्र न लिखकर केवल एक ही कोंई सूत्र (अइउण् आदि) १४ कोष्ठों में लिखकर पूर्वलिखित विधि से पूजनादि करे तो भी कार्य सिद्धि में शीघ्र सफलता मिलती है। दोनों प्रकार के प्रयोग अनेकों वार के अनुभूत हैं।

(क) पूजन के लिए एक दूसरा पात्र रखना चाहिए सभी षोडशप्रकार के पुजन की सामग्री उसी दूसरे पात्र में छोड़ना चाहिए। जिसमें यन्त्र रक्खा है उसमें पूजन सामग्री नहीं छोड़नीं चाहिए।

(ख) यदि दुष्ट व्यक्ति किसी को परेशान करता हो तथा घोर पाप करता हो ऐसे दुष्ट व्यक्ति को दमन करने के लिये तथा सुमार्ग पर लाने के लिये उस व्यक्ति का नाम यन्त्र में पूर्ववत् लिखकर दूध में डालकर दूध को अग्नि पर रखकर खोलाना (विशेषगरम) कर ा चाहिये। १४ दिन दैनिक तक लिख लिखकर यह प्रयोग किया जाये तो दुष्ट व्यक्ति शीघ्र सुमार्ग पर आ जायगा–यह प्रयोग भी अनेकों बार का अनुभूत है।

(ग) यन्त्र में दुष्ट व्यक्ति का नाम लिखकर शहद या घृत में रखने से भी सुमार्ग पर आ जाता है। अनुभूत है प्रयोग।

(घ) भोजपत्र पर यन्त्र लिखकर गलै या हाथ में बांधने से भ्रम-उन्माद-श्वास-विविध प्रकार के ज्वर-सर्पादि–विषकष्ट आदि सभी दूर हो जाते हैं।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(च) परदेश में गये पुरुष को बुलाने के लिये-उस व्यक्ति का नाम पीपल के पत्र पर लिखकर–उसी पीपल के पत्र में एक या दो-या जितने भी सूत्र लिखने में आ सकें लालचन्दन से लिखकर एक कोरी (जिसमें काला दाग न हो) हांडी में वह पत्र डालकर तथा नदी के १४ कांकड़ भी उसी हांडी में डालकर सराव से हांडी बन्द कर देना चाहिये। दैनिक स्नान करने के बाद उस हांडी को १४ बार हिलाना चाहिये तो २१ दिन में भगा हुआ व्यक्ति अवश्य घर आ जायगा। यदि एक पत्र में १४ सूत्र लिखने में न आ सके तो कई पत्रों में लिखकर डाल देना चाहिये। इतना ध्यान रहे कि जितने पत्रों में सूत्र लिखे जायें तो प्रतिपत्र में भग हुये व्यक्ति का नाम अवश्य लिखना चाहिये। यह भी प्रयोग अनेकों बार का अनुभूत है।

विशेष चौदह सूत्र १४ कोष्ठों में लिखे या केवल एक ही सूत्र १४ कोष्ठों में लिखे। अथवा जितनें सूत्र एक पत्र पर आ सकें उतने लिखे-दूसरे या तीसरे पत्रों पर शेष रहे सूत्र लिखे नाम प्रत्यक पर लिखना चाहिये।

(छ) १४ वेलपत्रलाकरप्रतिपत्रपर १ - १ सुत्र किखे अर्थात् एक पत्र पर एक सूत्र लिखे–इस प्रकार १४ को १४ विल्व पत्रों पर लिखकर शङ्कर जी पर १४ या ५६ दिन तक चढ़ाने से भगवान् शिव सभी कामनायें पूर्ण करते हैं। अनुभूत है यह प्रयोग।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(ज) १४ सूत्रों को विल्वपत्रों पर लिखकर बहते हुये नदी के जल में दैनिक छोड़ने से भी कार्य सिद्धि में पूर्ण सफलता मिलती है। अनुभूत है यह प्रयोग।

श्कोल- एव विधानेन विपत्तयोऽ निश-
न्नश्यन्तिनूनं शिवसूत्रजालतः।
आयान्तिगंहे किलतस्य सम्पदो-
नीरोगदेहश्च चिरायजीवति ॥५॥

इतियन्त्रप्रकरणंसमाप्तम

\+ + + +

अर्थ-पश्चात् जो विधान सङ्क्षेप से लिखा गया है जो उस विधान से चौदह सूत्र रूपी यन्त्र का प्रयोग करेगा तो उसकी सभी आपत्तियाँ नष्ट होकर उसके घर में सम्पदायें परिपूर्ण होंगी। तथा भगवान् शङ्कर जी की कृपा से चिरायु होगा।

इति यन्त्र प्रकारण समाप्त

॥ शिवशूत्रों की मन्त्ररूप होने से उपयोगिता वर्णन ॥

श्लोक- यदाचैकश्वासे कठिनसमये सूत्रनिचयम्-
परम्मन्त्रं शम्भोः पठति मनजो निश्चलमनाः।
तदायान्तित्वस्मिञ्जगतिविलयन्तस्यविपदो-
न किञ्चिद्दुःसाध्यङ्कठिनमपिकार्यम्प्रभवति ॥६॥

\+ + + +

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अर्थ–जिस समय आपत्तियां प्राप्त हों तो उस समय में भगवान् शिव की डमरू से प्राप्त १४ सूत्रों को एक श्वास में कहने का अभ्यास करके दैनिक एक माला (अष्टोत्तरशत सङ्ख्या) जप करने से सभी आपत्तियां दूर होकर संसार में पूर्ण सुख प्राप्त होता है कोई भी अति कठिन कार्य नहीं है जो इस मन्त्र से पूर्ण न हो सके अर्थात् कठिन से कठिन कार्य पूर्ण हो सकते हैं ॥६॥

विशेष सङ्केत–श्री शिवसूत्रावली का प्रयोग अनेक बार का अनुभूत है सभी सङ्कटों में सफलता मिलती है ।

(१) विच्छू विष में पढ़ते जाइये उतरता जायगा ।

(२) सर्प के काटे हुये व्यक्ति के कान में उच्च स्वर से १४ सूत्र कहने से अवश्य लाभ होगा ।

(३) प्रेतावेश व्यक्ति पर १४ सूत्र एक श्वास में पढ़कर जल के छीटे मारने से तत्काल लाभ होगा अनेकबार छीटें मारने से प्रेतावेश वाला व्यक्ति बिलकुल ठीक हो जायगा १४ सूत्रों को एक श्वास में कहने का अभ्यास होना चाहिये । १४ सूत्रों को भोज पत्र पर लिखकर गले या बाहु में बांधने से प्रेत बाधा नष्ट होगी–सकल व्याधियां नष्ट होगीं ।

(४) ज्वर-तिजारी-चौथिया आदि ज्वर में १४ सूत्रों द्वारा झाड़ा अर्थात् झार-फूंक करने से सभी ज्वर शीघ्र छूट जाते हैं । अथवा १४ सूत्र या १४ सूत्रों में से कोई भी एक सूत्र पीपल के पत्ते पर लिखकर गले या हाथ में बांधने से भी सभी प्रकार के ज्वार नष्ट हो जाते हैं ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(५) १४ सूत्रों को पढ़कर मृगी उन्माद आदि से पीडित रोगी को झाड़ा देने से ६१ दिन में रोग नष्ट हो जाते हैं। प्रतिदिन १४ सूत्रों द्वारा अभियन्त्रित जल भी मृगी या उन्माद से पीड़ित रोगी को पिलाना चाहिये। भोज पत्र पर १४ सूत्र अनार की कलम से सफेद चन्दन से लिखकर गले या हाथ में बांधने से-मृगी-उन्माद-भ्रम-श्वास आदि रोग दूर होते हैं।

मृगी-उन्माद-भ्रम-श्वास आदि रोग में एक सूत्र एक विल्व पत्र पर लिखकर (अनार की कलम से सफैद चन्दन से) दैनिक रोगी को पिलाने से अवश्य रोग दूर हो जायगा—१४ दिन में १४ सूत्रलिखकर पिलाना चाहिये = पुनः १४ दिन वाद वही क्रम चलाना चाहिये।

(६) १४ सूत्रों को एक श्वास में कहने का पूर्ण अभ्यास होना चाहिये १४ सूत्रों का एक मन्त्र माना गया है।

(७) चौदह सूत्रों को १०८ बार जप करने से सव प्रकार का कल्याण होता है।

(७) ये १४ सूत्र शिवस्वरूप होने से निरन्तर जपनीय तथा प्रार्थनीय हैं सकलाभीष्टप्रद हैं।

विशेष-इन चौदह सूत्रों की अनुष्ठनादि क्रिया में त्रुटि होने पर भी कुछ भी हानि की संभावना नहीं हो सकती है। भगवान् शङ्कर जी को तरह सदा कल्याणप्रद ही रहेंगे।

इतिशिवसूत्र रहस्यकामन्त्रस्वरूप विवेंचन समाप्त

श्लोक— वेदादिशास्त्रचयवोधनमूलरूपम्—
मन्त्रस्वरूपमखिलेश शिवस्वरूपम्।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

दाक्षीसुतादिभिरलंहृदिभावितंयद्—
वन्देऽनिशंशिवचतुर्दशसूत्रजालम् ॥७॥

\+ \+ \+ \+

अर्थ—वेदादि शास्त्र समूह के ज्ञान के कारण रूप-मन्त्र-स्वरूप-सर्वेश्वर शिवस्वरूप-पाणिन्यादि मुनियों से निरन्तर चिन्तत-शिवजी के वर से प्राप्त चतुर्दश सूत्रों की मैं वन्दना करता हूँ ॥७॥ इस प्रकार दैनिक प्रार्थना करने से भगवान् शिव प्रसन्न होकर सकलमनोऽभिलषित कार्य को पूर्ण करते हैं।

श्लोक— सङ्केतमात्रमुपलब्धमुमेशसूत्र—
जालस्यगुप्तमधिकम्परमंरहस्यम् ।
यस्माद्दयार्णवगुरोस्तपसः स्वरूपात्—
तस्यानिशञ्चरणपद्मयुगन्नमामि ॥८॥

\+ \+ \+ \+

अर्थ—अति दयालु-तपोमूर्ति-जिन गुरुदेव जी से चौदह सूत्रों का परम रहस्य सङ्केत मात्र प्राप्त हुआ उनके चरण कमलों को निरन्तर नमस्कार करता हूँ।

\+ \+ \+ \+

श्लोक— शिवचतुर्दशसूत्रसमुच्चये—
विविधगुप्तरहस्यमुदीरितम् ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

सुगुरुणा विदुषांहितताम्मुदे-
भुवियथैव तथा प्रकटीकृतम् ॥

+ + + +

अर्थ-श्री गुरुदेव जी ने जिस प्रकार महेश्वर के चतुर्दश सूत्रों का गुप्त रहस्य अति सङ्केत से कहा था मैंने उस रहस्य को विद्वज्जनों के हित के लियें विस्तार करके प्रकाशित किया ।

+ + + +

श्लोक- सङ्क्षेपतोऽतिसरलै र्विविधैश्चपद्यै -
श्रीशम्भुसूत्रनिचयस्य रहस्यमत्र ।
गुप्तम्प्रकाशितमिदञ्जगतोहिताय-
शम्भोश्च पूर्णदययाजगदम्बिकायाः ॥

+ + + +

अर्थ-अति सङक्षेप से जो गुरुदेव जी ने शिव चतुर्दश सूत्रों के रहस्य को बतलाय. था उसको मैंने अति सरल-अनेक प्रकार के श्लोकों द्वारा लोक हित के लिये विस्तार से प्रकाशित किया ।

+ + + +

८ २ ० २

श्लोक- वसुनयनखनेत्रे वत्सरेभाद्रमासेऽ-
सितदलभृगुवारे चाष्टमीसंयुतेच ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

चरणकमलयुग्मे पावनेशाम्भवेतु-
शिवमतिशिवदत्तेनार्पितन्निर्मितन्तत् ।।

+ + + +

अर्थ-श्री भवानीशङ्कर की कृपा से संवत् २०२८ भाद्र मास कृष्ण पक्ष में अष्टमी शुक्रवार में शिवभक्त शिवदत्त शास्त्री ने अति पावन शिवचरण कमलों में यह शिव सूत्र रहस्य बनाकर समर्पण किया।

+ + + +

श्लोक- नाहङ्कविर्नहिबुधोनहिपूर्णविद्यो-
ज्ञानीगुणीनविदुषाङ्कृतपादसेवः ।
श्रीमच्छिवस्यपदपद्मपरागसेवी-
पूर्णंव्यधाच्च शिवसूत्ररहस्यमेतत् ।।

+ + + +

अर्थ-में कवि विद्वान् व पूर्ण विद्यायुक्त-ज्ञानी-गुणी तथा विद्वज्जन समुदाय की सेवा करने वाला भी नहीं हूँ-श्री भगवान् शिवजी की चरणकमलसेवा से इस शिवसूत्र रहस्य को पूर्ण किया।

+ + + +

श्लोक- इटावाख्येप्रान्तेवुधगणयुतेलोकविदिते-
निवृत्तानाचारेविविधविभवाक्रान्तसदने ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

रमागारेरम्ये प्रणतजनतापूर्णभवने–
सल्लेमादौग्रामेकुलजवसतिश्चान्तपुरके ।

\+ + + +

अर्थ–विद्वज्जन समुदाय से युक्त-लोक में प्रसिद्ध-सदाचार से युक्त अनेक प्रकार से विभव से युक्त भवन वाले-धनी लोगों से युक्त-अति सुन्दर विनम्र जनता से युक्त-इटावा प्रान्त में सलेमपुर नाम के ग्राम में मेरे पूर्वजों का निवास रहा है ।

\+ + + +

श्लोक– प्रसन्नमूर्तिर्ममशान्तचेता–
विद्वान् सदाचाररतोवदान्यः ।
पितामहःकेशवदेवनामा–
श्रीकेशवाराधनतत्परोऽभूत् ।।

\+ + + +

अर्थ–प्रसन्नमूर्ति-शान्त स्वभाव-विद्वान्-सदाचार से युक्त-दानी श्री कृष्णचन्द्र के आराधन करने बाले-श्री केशवदेब जी मेरे पितामह (बाबा) थे ।

\+ + + +

श्लोक– तस्यात्मजश्चारुगुणःसुशीलो–
दातादयालुर्वहुशास्त्रवेत्ता ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

सद्बुद्धिशालीवुधवृन्दवन्द्य-
श्चाधीतविद्यामितशिष्यवर्गः ॥

\+ \+ \+ \+

श्लोक- आचार्यबर्योहिविशालकीर्तिः-
श्रीश्यामलालोजनकस्तुयस्य ।
तस्यात्मजश्श्रीशिवदत्तनामा-
गुप्तन्त्वकार्षीत्प्रकटंरहस्यम् ॥

\+ \+ \+ \+

इति श्रीशिवसूत्ररहस्यमखिलंशिवदत्तशास्त्रिणासमाप्तम् ।

अर्थ-उन श्री केशवदेव जी के पुत्र-सद्गुणी-सुशील-दाता-दयालु-अनेक शास्त्रवेत्ता-सुन्दर बुद्धि-वाले पण्डित मण्डली से पूजनीय जिनके पढ़ाये हुये असङ्ख्य शिष्यगण वर्तमान हैं आचार्य वर्य्य-विशाल कीर्तिवाले-श्री श्यामलाल जी थे उन श्री श्यामलाल जी के पुत्र श्री शिवदत्त शास्त्री ने इस गुप्त रहस्य को प्रकट किया ।

इति श्रीशिवसूत्ररहस्य का समस्त विवेचन शिवदत्तशास्त्री ने समाप्तकिया

-०-०-

सं०४१३
२२√५

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

॥ आदिशक्तयेनमः ॥

परिशिष्टभागः

लेखक :—

ज्योतिर्वित् श्री पण्डित शिवदत्तशास्त्री व्या०

आ० आ० कर्मकाण्ड

विशारदः

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

श्रीदेवीशकुनावली

(उदाहरणहिन्दीभाषानुवाद—सहित)

प्रणेताज्योतिर्वित्श्रीपण्डितशिवदत्त शास्त्री
व्या० आ० आ० कर्मकाण्ड विशारदः

स्थान—सलेमपुर
पत्रालय—अछल्दा
मण्डल—इटावा (उ० प्र०)

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

卐 श्रीदेवीशकुनावली 卐

स	का	का	ज	दे	का	म	ज	वें	यं	यं	गन्	व्या	यं	हा	गन्
वि	सि	पू	मा	भा	सि	दे	मा	घ्ना	द्धो	तौं	तुः	रा	द्धो	व्याः	ता
वि	च	न	कृ	घ	त्य	कृ	भ्र	न	सन्	सन्	पाऽऽ	नम्	जा	पा	स
श्यन्	न्दे	न्दे	पू	भ	शाम्	पू	न्ना	ति	हो	हो	र्णा	स्या	च	र्णा	स्ति
ज	वि	म	का	कु	वि	का	का	ग	घ्ना	नोऽ	यं	रु	घ्ना	यं	यं
दम्	घि	भी	सि	का	घि	सि	सि	वा	क्यम्	ष्टम्	द्धो	यंन्	क्यम्	द्धो	द्धो
प्र	म	भ	तु	त	वि	क्व	न	सा	वेत्	वि	सं	दा	रा	सं	सं
द	व	ष्य	श	भ	ज	श	श	तः	हु	ति	यः	वेत्	ते	यः	यः
म	य	ज	य	भ	भ	सन्	भ	नोऽ	शो	ग	शो	न्य	ग	न्दे	थं
भी	हा	द	ला	था	व	हो	ला	ष्ट	नि	म्बा	भो	का	स्या	नै	भो
न त्व	मं	प्र	ऽर्थ	यं	म	व	य	ते	हृद्	भा	ला	सि	हा	क	शो
पू	दुः	।	भो	द्धो	दे	तं	ला	र्णम्	खम्	ण	न	तु	व्याः	व्यो	भो
भ	दे	स	र्श	न	कु	स	चे	वि	व्या	वं	त्रु	चा	रु	र्वाऽ	ष्टि
ष्य	आ	त्र	सङ्	शा	पू	भी	तं	ति	रा	वि	घोऽ	पू	वि	ष्टम्	स
न	घ	ज	क्ष	णं	वि	भ	क	सं	न	यी	यं	नि	घा	वि	लं
श	ङ्कु	भ	व्र	श्च	न	ष्य	भ	यः	रु	वेत	जेत्	यः	तः	ति	वेत

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

॥ श्रीदेवीशकुनावली ॥

(१) सर्वेविघ्नाविनश्यन्ति जगदम्बाप्रसादतः ।
मनोऽभीष्टञ्च ते पूर्णम्भविष्यति न संशयः ॥

प्रश्नोत्तर उत्तम है भगवती के प्रसाद से समस्त विघ्न नाश होंगे मनोऽभिलषित कार्य पूर्ण होगा ।

(२) कार्यं सिद्धौ च सन्देहो विघ्नाधिक्यम्भवेत् बहु ।
यशोहानिर्महद्दुःखन्देव्या आराधङ्कुरु ॥

प्रश्नोत्तर अच्छा नहीं है विघ्न विशेष हैं यश हानि तथा महान् दुखः प्राप्त होंगे । देवी जी का आराधन करना चाहिये ।

(३) कार्यपूर्तौ न सन्देहो मनोऽभीटम्भविष्यति ।
जगदम्बाप्रभावेण सर्वत्र विजयी भवेत् ॥

प्रश्नोत्तर उत्तम है । भगवती देवी के प्रभाव से मनोऽभीष्ट कार्य होगा हर स्थान में विजय होगी ।

(४) जगन्मातुः कृपाऽऽपूर्णा कार्यसिद्धौतु संशयः ।
यशोलाभोऽर्थलाभोन शत्रुसङ्घोऽक्षयंव्रजेत् ॥

प्रश्नोत्तर साधारण है भगवती की कृपा पर्ण नहीं है । कार्यसिद्ध में सन्देह है यशलाभ अर्थ लाभ नहीं होगा शत्रुगण पराजित न होंगे ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

(५) देव्या आराधनम्भक्तया कुरु कार्यन्तदा भवेत् ।
अन्यथाकार्यसिद्धौतु नचाशा पूर्णनिश्चयः ॥

प्रश्नोत्तर अच्छा नहीं है । अतिभक्ति से भगवती का पूजन करने से कार्य सिद्धि की आशा है अन्यथा कार्य न होगा ।

(६) कार्यसिद्धौ त्यजाशाञ्च विघ्नाधिक्यं विराजते ।
भगवत्या महादेव्याः कुरुपूजां विधानतः ॥

प्रश्नोत्तर अच्छा नही है विघ्न अधिक हैं । भगवती का पूजन विधिवत् करना चाहिये ।

(७) महादेव्याः कृपापूर्णा कार्यसिद्धौ न संशयः ।
सन्देहो नैव कर्तव्यो सर्वाऽभीष्टम्भविष्यति ॥

प्रश्नोत्तर अत्युत्तम है भगवती की कृपा है । मनोभिलषित कार्य पूर्ण होगा । कुछ भी सन्देह नहीं है ।

(८) जगन्माता प्रसन्नास्ति कार्यसिद्धौ न संशयः ।
अर्थलाभो यशोलाभो चेष्टितंसकलंभवेत् ॥

प्रश्नोत्तर उत्तम है । कार्यसिद्धि में सन्देह नहीं है भगवती प्रसन्न है । अर्थलाभ यशलाभ मनोभीष्ट कार्य होगा ।

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

।। प्रश्नोत्तर निकालने की विधि ।।

किसी भी प्रश्न को निकालने के के लिये भगवती दुर्गा देवी का ध्यान करके श्री देवी शकुनावली के चक्र में किसी कोष्टक में अङ्गुली रखना चाहिये। उस कोष्टक के उस अक्षर को तथा उस अक्षर से नवें अक्षर को, पुनः उससे नवें अक्षर को इसी प्रकार लिखते जाने से एक श्लोक बनेगा। श्लोक के अनुसार प्रश्नोत्तर ज्ञात हो जायगा। जब तक अङ्कित अक्षर नवें-नवें-अक्षर के क्रम से समाप्ति न हो तब तक बारबर सभी अक्षर लिखते जाना चाहिये उदाहरण–

किसी ने भगवती का ध्यान करके और इच्छित प्रश्न को मन में रख कर चिन्हत अक्षर (●) 'क' पर अंगुली रखी। 'का' और उससे प्रति नवें अक्षर को लिखने से निम्नलिखित श्लोक निकलेगा :—

का र्यं पू र्तौं न स न्दे हो म नोऽ भी ष्ठम् भ वि ष्यति। ज ग द म्ब प्र भा वे ण स र्वं त्र वि जयी भ वेत् ।।

प्रश्नोत्तर उत्तम है।

।। विशेषोपयोगिसङ्केतः ।।

श्लोक– रिक्तानशस्तास्तिथयःकदापि–
प्रश्नोत्तराणाङ्कथनेमुनीन्द्रैः।
तत्रापिप्रातर्नगवादनाद्धि–
कालःशुभोवैनववादनान्तः ।।

र्थ–महर्षियों ने चतुर्थी नवमी तथा चतुर्दशी य तिथियां प्रश्नोत्तर कहने में निषद्ध कहीं हैं–यदि इन तिथियों में ही प्रश्नोत्तर

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

ज्ञान की विशेष आवश्यकता पड़ जाये तो प्रातःकाल में ७ वजे से ९ बजे के अन्दर समय शुभ रहेगा उस समय में प्रश्नोत्तरादि हो सकते हैं।

सारांश-किसी प्रकार के भी प्रश्न चाहे 'श्री शिवसूत्ररहस्यम्" के हों या 'श्रीमान् शास्त्री जी से रचित अनुभूत' 'देवी शकुनावली' के हों पूर्वलिखित तिथियों में कथित निश्चित समय को छोड़कर प्रश्न नहीं करना चाहिये तथा उत्तर भी नहीं निकालना चाहिये।

सङ्केत-यह (श्री देवीशकुनावली,) परम पूज्य श्रद्धास्पद श्री १०८ श्रीमान पं० शिवदत्त शास्त्री जी ने जनता के कल्याण हेतु श्री कामाख्या देवी (आसामप्रान्त में हैं) के चरण कमलों में रहकर निर्माण की थी तथा चिरकालतक बराबर अनुभवकिया श्री जगज्जननी भगवतीमाता कामाख्या देवी जी की कृपा से सभी प्रश्नोत्तर सत्य घटित होते रहे। सुजन समुदाय इसका अनुभवअवश्य करे।

प्रार्थी—कुमुदेशचन्द्र जैन

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

विशेष आवश्यक शब्दों का शुद्धाशुद्ध पत्र

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पङ्क्ति
विघि	विधि	२	१८ (श्लोक-४)
श्लोक-८	श्लोक-७	७	१
दिद	दिन	१३	४
स्थाप्ना	स्थापन	१३	९
पञ्च	पञ्चमी	१४	१६
पृथक-पृथक	पृथक्-पृथक्	१५	१५-१६
लिखी है	लिखा है	१५	१७
रक्ख	रक्खे	६९	१४
एओङ	एओङ्	७१	६
मकदमा	मुकदमा	७४	९
हयवरट	हयवरट्	७५	७
अङ्गली	अङ्गुली	७८	२
मी	में	७८	३
रहगा	रहेगा	७९	६
पद्म	पद्म	८०	५
प्रातकाले	प्रात:काले	८०	१२
मध्याह्न	मध्याह्ने	८०	१३
कृत्वोद्धतं	कृत्वोद्धृतं	८१	९
जसे	जैसे	८२	१२
व्यजन	व्यञ्जन	८३	२
व्यंजनों	व्यञ्जनों	८४	१
व्यजनोके	व्यञ्जनोंके	८४	६
पृथक-पृथक	पृथक्-पृथक्	८५	२
भगवन्त	भगदन्त	८८	१३
भविष्तीति	भविष्तीति	९८	१

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पङ्क्ति
सङघकेन	सङ्घक्केन	१०१	१६ (श्लोके-९)
शम्भो	शम्भोः	१०८	१० (श्लोके)
एवः	एव	१०८	९ (श्लोके)
नन्दश	नन्देश्	१०८	१३ (श्लोके)
गर्चे	वर्चे	१०८	१८
कृष्णाला	कष्णलाळ	१०९	२०
अकित	अङ्कित	१११	६
सङ्ख्ये	सङ्ख्ये	११२	१० (श्लोके)
विघाय	विधाय	११५	१३ (श्लोके-५)
निशश्पाशु	निशम्याशु	११५	१९ (श्लोके-६)
नानाविघ	नानाविधं	११५	२० (श्लोके-६)
अष्ठविंशति	अष्टाविंशति	१२१	१
भद	भेद	१२४	१६
सुधिया	सुधिया	१२५	५ (श्लोके)
किसीमनका	किसीकेमनका	१२६	६
साफल्यमवा	साफल्यमेवा	१२७	४ (श्लोके-१२)
यशोललभेत्	यशोलभेत्	१३२	२ (श्लोके)
अमलशुद्धपत्र	अमळशुद्धपत्रे	१३६	४ (श्लोके-२)
नैवद्यघूपै	नैवेद्यधूपैः	१३६	१३ (श्लोके-३)
मनुदिनिमिति	मंनुदिनमिति	१३६	१४ (श्लोके-३)
आसक	आसकें	;४०	१५
एव	एवं	१४१	४ (श्लोके-५)
गह	गेहे	१४१	६ (श्लोके-५)
समाप्तम	सभाप्तम्	१४१	८
ज्वार	ज्वर	१४२	२३
वतलाय	वतलाया	१४५	११
विदुषाङ्कत	विदुषाङ्कृत	१४६	९ (श्लोके)

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,

Vaidika Pandit Sri V Hariharan Collection, Sholinganallur, Chennai

श्रीमान् पूज्य पण्डित श्री शिवदत्त त्रिपाठी शास्त्री जी की रचित, अनुवादित व संशोधित पुस्तकों की सूची नीचे लिखी है ।

१–श्रीदेवीस्तोत्रम् भा० टी० सहितम्
२–श्रीगुरुस्तोत्रम् ,, ,,
३–श्रीरामस्तोत्रम् ,, ,,
४–श्रीशिवस्तोत्रम् ,, ,,
५–श्रीहनुमत्स्तोत्रम् ,, ,,
६–श्रीकामदस्तोत्रम् ,, ,,
७–यन्त्रतत्वविवेचनम् ,, ,,
८–मन्त्रतत्वविवेचनम् ,, ,,
९–सावरमन्त्रतत्वविवेचनम् ,, ,,
१०–वेदान्ततत्वविवेचनम् ,, ,,
११–जीवनतत्वविवेचनम् ,, ,,
१२–श्रीगायत्रीतत्वविवेचनम् ,, ,,
१३–वैयाकरणभूषणसारतत्वविवेचनम् भा० टी० सहितम्
१४–शिवसूत्ररहस्यम् उदाहरण भा० टी० सहितम्
१५–श्रीनारायणीशकुनावली भा० टी० सहिता
१६–श्रीहरवंशपुराणश्रवणविधिः ।
१७–शक्तिपीठनिर्णयः ,, ,,
१८–श्रीतन्त्रदुर्गासप्तशती ,, ,,
१९–नर्वाणमन्त्रसङ्केत ,, ,,
२०–श्रीगायत्रीतत्वनिर्णय । ,, ,,

पाठकगण अपने उत्तर के लिये जवाबी पोस्ट कार्ड या टिकट तथा पुस्तक मंगाने हेतु डाक व्यय का अनुमानित रजिस्ट्री धन २ रुपया अग्रिम भेजने की कृपा करें ।

मुद्रक— एलोरा कानपूर

CC-0.In Public Domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy,